PUNJABKESARI 12/08/2025

पाइट की एन.एस.एस. टीम ने डिकाडला में चलाया स्वच्छता अभियान



गांव डिकाडला में छात्र-छात्राएं ग्रामीणों को स्वच्छता को लेकर जागरूक करते हुए। (राकेश)

समालखा, 11 अगस्त (राकेश): पानीपत इंस्टीच्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नॉलोजी (पाइट) की एन.एस.एस. टीम ने डिकाडला में स्वच्छता अभियान चलाया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों को बताया कि स्वच्छता से ही बीमारियों को हराया जा सकता है। हमें अपने आसपास गंदगी नहीं ठहरने देनी चाहिए। बचपन से ही बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का बीजारोपण करना चाहिए। स्वच्छ समाज से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। देवेंद्र, प्रदीप और रश्मि के नेतृत्व में एन.एस.एस. अध्यक्ष पार्थ कुंडू, उपाध्यक्ष नवजोत, कीर्ति बरेजा, जनसंपर्क प्रमुख विभूति शर्मा और समन्वयक दिवांशु के साथ 21 स्वयंसेवक शामिल हुए। ग्राम पंचायत के सरपंच सुनील ने स्वयंसेवकों को सराहा। साथ ही वादा किया कि गांव को संपूर्ण स्वच्छ बनाएंगे।

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

OTHER 12/08/2025

पाइट के स्वयं सेवी विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान चलाया

समालखा। पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) की एनएसएस टीम ने गांव डिकाडला में स्वच्छता अभियान चलाया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों को बताया कि स्वच्छता से ही बीमारियों को हराया जा सकता है। हमें अपने आसपास गंदगी नहीं ठहरने देनी चाहिए। बचपन से ही बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का बीजारोपण करना चाहिए। स्वच्छ समाज से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। देवेंद्र, प्रदीप और रश्मि के नेतृत्व में एनएसएस अध्यक्ष पार्थ कुंडू, उपाध्यक्ष नवजोत, कीर्ति बरेजा, जनसंपर्क प्रमुख विभूति शर्मा और समन्वयक दिवांशु के साथ स्वयं सेवी विद्यार्थी शामिल हुए। ग्राम पंचायत के सरपंच सुनील ने स्वयं सेवकों को सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा और गांव को पूरी तरह से स्वच्छ किया जाएगा।



पानीपत के गांव डिकाडला में स्वच्छता अभियान चलाते हुए पाइट के स्वयंसेवी विद्यार्थी।

DAINIK BHASKAR 12/08/2025

दैनिक भास्कर पानीपत भास्कर 12-08-2025

पाइट की एनएसएस टीम ने चलाया स्वच्छता अभियान

समालखा| पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पाइट) की एनएसएस टीम ने डिकाडला में स्वच्छता अभियान चलाया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को बताया कि स्वच्छता से ही बीमारियों को हराया जा सकता है। स्वच्छ समाज से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। देवेंद्र, प्रदीप और रश्मि के नेतृत्व में एनएसएस अध्यक्ष पार्थ कुंडू, उपाध्यक्ष नवजोत, कीर्ति बरेजा, जनसंपर्क प्रमुख विभूति शर्मा और समन्वयक दिवांशु के साथ 21 स्वयंसेवक शामिल हुए। ग्राम पंचायत के सरपंच सुनील ने स्वयंसेवकों को सराहा।

AAJSAMAJ 12/08/2025

आज समाज
पानीपत, मंगलवार, 12 अगस्त , 2025

पाइट की एनएसएस टीम ने डिकाडला में चलाया स्वच्छता अभियान



समालखा। पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) की एनएसएस टीम ने डिकाडला में स्वच्छता अभियान चलाया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों को बताया कि स्वच्छता से ही बीमारियों को हराया जा सकता है। हमें अपने आसपास गंदगी नहीं ठहरने देनी चाहिए। बचपन से ही बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का बीजारोपण करना चाहिए। स्वच्छ समाज से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। देवेंद्र, प्रदीप और रश्मि के नेतृत्व में एनएसएस अध्यक्ष पार्थ कुंडू, उपाध्यक्ष नवजोत, कीर्ति बरेजा, जनसंपर्क प्रमुख विभूति शर्मा और समन्वयक दिवांशु के साथ 21 स्वयंसेवक शामिल हुए।

OTHER 12/08/2025

पाइट की एनएसएस टीम ने डिकाडला में चलाया स्वच्छता अभियान

समालखा, 11 अगस्त (अशोक चुघ): पाइट की एनएसएस टीम ने डिकाडला में स्वच्छता अभियान चलाया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों को बताया कि स्वच्छता से ही बीमारियों को हराया जा सकता है। हमें अपने आसपास गंदगी नहीं ठहरने देनी चाहिए। बचपन से ही बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का बीजारोपण करना चाहिए। स्वच्छ समाज से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। देवेंद्र, प्रदीप और रश्मि के नेतृत्व में एनएसएस अध्यक्ष पार्थ कुंडू उपाध्यक्ष नवजोत, कीर्ति बरेजा, जनसंपर्क प्रमुख विभूति शर्मा और समन्वयक दिवांशु के साथ 21 स्वयंसेवक शामिल हुए। ग्राम पंचायत के सरपंच सुनील ने स्वयंसेवकों को सराहा। साथ ही वादा किया कि गांव को संपूर्ण स्वच्छ बनाएंगे।

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY



epaper.sachkahoon.com
05 Aug 2025 - Page 11

ओएस डीएवी स्कूल कैथल के छात्रों ने पाइट में सीखी भविष्य की तकनीकें



समालखा (राकेश वर्मा)। ओएस डीएवी स्कूल कैथल के 52 छात्र-छात्राओं को सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में लेजर कटिंग, थ्रीडी प्रिंटिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, एआर-वीआर टेक्नॉलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी भविष्य की तकनीकों से परिचित कराया गया। यह प्रशिक्षण पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) के एआइसीटीई आइडिया लैब में आयोजित हुआ। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को नवीनतम तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान देकर उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना है। बोर्ड सदस्य शुभम तायल ने बताया कि छात्रों ने विभिन्न प्रोजेक्ट्स और डेमो के माध्यम से तकनीक को व्यावहारिक रूप से समझा। प्रशिक्षण में मनीषा गुगलानी, मनीषा, पारस और परमिंदर सिंह ने योगदान दिया, जबकि समन्वय की भूमिका डॉ. अंजू गांधी और डॉ. सुनील दुल ने निभाई। विशेषज्ञ सत्रों का संचालन डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, डॉ. शशि बाला, डॉ. स्मृति और पारूल ने किया।

कार्यक्रम में पाइट के सचिव सुरेश तायल सहित आइडिया लैब के प्रशिक्षक निखिल, अंकुर, अंकित, रोशन, करण और प्राची भी मौजूद रहे।

OTHER 05/08/2025

ओएस डीएवी कैथल के छात्रों को पाइट में किया प्रशिक्षित



ओपन सर्च/ मनदीप कुमार

समालखा। लेजर कटिंग क्या होती है , थ्रीडी प्रिंटिंग कैसे की जाती है, इंटरनेट ऑफ थिंग्स यानी आइओटी से क्या-क्या किया जा सकता है, ओएस डीएवी स्कूल कैथल के छात्र-छात्राओं को फ्यूचर टेक्नॉलोजी से रूबरू कराया गया। सात दिन तक 52 विद्यार्थियों को पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में ट्रेनिंग दी गई। पाइट में एआइसीटीई आइडिया लैब में यह प्रशिक्षण दिया गया। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को भविष्य की तकनीकों से परिचित कराना और उन्हें व्यावहारिक कौशल से सुसज्जित करना था। बोर्ड सदस्य शुभम तायल ने बताया कि छात्रों को एआर-वीआर टेक्नॉलोजी एवं एआइ के बारे में बताया गया। मनीषा गुगलानी, मनीषा, पारस और परमिंदर सिंह ने ट्रेनिंग दी। डॉ. अंजू गांधी और डॉ. सुनील ढुल ने समन्वयक की भूमिका निभाई। विशेषज्ञ सत्रों का संचालन डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, डॉ. शशि बाला, डॉ. स्तुति और पारूल ने किया। पाइट के सचिव सुरेश तायल ने भी प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर आइडिया लैब के प्रशिक्षक निखिल, अंकुर, अंकित, रोशन, करण और प्राची भी मौजूद रहे।

HARIBHOOMI 05/08/2025

पाइट में एआइसीटीई आइडिया लैब में प्रशिक्षण दिया गया

कैथल के विद्यार्थियों ने पाइट में आधुनिक तकनीक का ज्ञान लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ समालखा



पानीपत। पाइट में टीचर्स के साथ डीएवी स्कूल, कैथल के विद्यार्थी।

लेजर कटिंग क्या होती है, थ्रीडी प्रिंटिंग कैसे की जाती है, इंटरनेट ऑफ थिंग्स यानी आइओटी से क्या-क्या किया जा सकता है, ओएस डीएवी स्कूल कैथल के विद्यार्थियों को फ्यूचर टेक्नॉलोजी से रूबरू कराया गया। सात दिन तक 52 विद्यार्थियों को पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में ट्रेनिंग दी गई। पाइट में एआइसीटीई आइडिया लैब में यह प्रशिक्षण दिया गया। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को भविष्य की तकनीकों से परिचित कराना और उन्हें व्यावहारिक कौशल से सुसज्जित करना था। बोर्ड सदस्य शुभम तायल ने बताया कि छात्रों को एआर-वीआर टेक्नॉलोजी एवं एआइ के बारे में बताया गया। मनीषा गुगलानी, मनीषा, पारस और परमिंदर सिंह ने ट्रेनिंग दी। डॉ. अंजू गांधी और डॉ. सुनील ढुल ने समन्वयक की भूमिका निभाई। विशेषज्ञ सत्रों का संचालन डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, डॉ. शशि बाला, डॉ. स्तुति और पारूल ने किया। पाइट के सचिव सुरेश तायल ने भी प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर आइडिया लैब के प्रशिक्षक निखिल, अंकुर, अंकित, रोशन, करण और प्राची भी मौजूद रहे।

AAJ SAMAJ 05/08/2025

आज समाज
पानीपत, मंगलवार 05 अगस्त 2025

ओएस डीएवी कैथल के छात्रों को पाइट में किया प्रशिक्षित



आज समाज नेटवर्क

पानीपत/समालखा। लेजर कटिंग क्या होती है, थ्रीडी प्रिंटिंग कैसे की जाती है, इंटरनेट ऑफ थिंग्स यानी आइओटी से क्या-क्या किया जा सकता है, ओएस डीएवी स्?कूल कैथल के छात्र-छात्राओं को फ्यूचर टेक्नॉलोजी से रूबरू कराया गया।

सात दिन तक 52 विद्यार्थियों को पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में ट्रेनिंग दी गई। पाइट में एआइसीटीई आइडिया लैब में यह प्रशिक्षण दिया गया। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को भविष्य की तकनीकों से परिचित कराना और उन्हें व्यावहारिक कौशल से सुसज्जित करना था। बोर्ड सदस्य शुभम तायल ने बताया कि छात्रों को एआर-वीआर टेक्नॉलोजी एवं एआइ के बारे में बताया गया।

मनीषा गुगलानी, मनीषा, पारस और परमिंदर सिंह ने ट्रेनिंग दी। डॉ. अंजू गांधी और डॉ. सुनील ढुल ने समन्वयक की भूमिका निभाई। विशेषज्ञ सत्रों का संचालन डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, डॉ. शशि बाला, डॉ. स्तुति और पारूल ने किया। पाइट के सचिव सुरेश तायल ने भी प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर आइडिया लैब के प्रशिक्षक निखिल, अंकुर, अंकित, रोशन, करण और प्राची भी मौजूद रहे।

DAINIK JAGRAN 05/08/2025

कैथल के छात्रों को पाइट में तकनीकों से कराया रूबरू



कार्यशाला में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट दिए गए। ● सस्थान.

जासं ● समालखा : ओएस डीएवी स्कूल, कैथल के 52 विद्यार्थियों को पाइट कालेज की आइडिया लैब में सात दिनों का प्रशिक्षण दिया। उन्हें लेजर कटिंग क्या होती, थ्रीडी प्रिंटिंग कैसे की जाती व इंटरनेट आफ थिंग्स यानि आइओटी से क्या-क्या किया जा सकता है व अन्य के बारे में जानकारी दी। छात्र-छात्राओं को भविष्य की तकनीकों से रूबरू कराया।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

HARIBHOOMI 15/05/2025

पाइट में नेशनल टेक्नोलॉजी दिवस धूमधाम से मनाया, विभिन्न

भारत हर टेक्नोलॉजी में तेजी से आगे बढ़ रहा है: डॉ. रंजीत सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

हरियाणा स्टेट काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नॉलोजी (एचएससीएसटी) के विज्ञान एवं टेक्नॉलोजी विभाग के सहयोग से पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में दो दिवसीय नेशनल टेक्नॉलोजी दिवस मनाया गया। शिक्षा, नवाचार और तकनीक से जुड़े कई प्रमुख विषयों पर संवाद हुआ। इसमें एमडीयू, गुरु नानक इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन सोनीपत, आइआइटीम कॉलेज ऑफ फार्मेसी मुरथल, आरके इंटरनेशनल स्कूल नरेला सहित कई कॉलेजों से 290 प्रतिभागियों ने भाग लिया। वहीं, शोभित यूनिवर्सिटी से वाइस चांसलर प्रो. डॉ. रंजीत सिंह ने टिकाऊ भविष्य के लिए तकनीक और नवाचार की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने नई शिक्षा नीति (एनईपी) और परिणाम आधारित शिक्षा (ओबीई) को शिक्षण में आवश्यक बताया। एचएससीएसटी, डीएसटी पंचकूला से मुख्य वक्ता डॉ. राहुल तनेजा ने पेटेंट्स की भूमिका पर जोर देते हुए बताया कि ये नवाचार और तकनीकी शिक्षा को कैसे सशक्त बनाते हैं। पाइट के निदेशक डॉ. शक्ति कुमार ने नवाचार और तकनीकी विकास के वर्तमान और भविष्य की भूमिका पर विचार साझा किए। प्रोजेक्ट एग्जीबिशन में 72 टीमों ने भाग लिया। इसमें पाइट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मोक्ष गोयल, संभव सेठी, जिया, अर्शी जुनेजा विजेता रहे। ब्राइट स्कॉलर स्कूल सोनीपत से अर्शन जैन द्वितीय व पाइट संस्कृति स्कूल से पुनीत गोयल तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, वाद-विवाद प्रतियोगिता में गुरु नानक इंस्टीट्यूट की ऋतु प्रथम, एमडीयू रोहतक से कीर्ति द्वितीय व पाइट संस्कृति स्कूल से शुभि कुमार को तीसरा पुरस्कार मिला। आरके इंटरनेशनल से पल्किन चोपड़ा, पाइट की ज्योति, आरके इंटरनेशनल की ज्योति को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आइआइटीएम मुरथल की तनीषा प्रथम, पाइट की चाहत व भावना द्वितीय और श्रुति तीसरे स्थान पर रहीं। गौरी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। डॉ.प्रवीण गोयल, डॉ. शक्ति अरोड़ा डॉ. गौरव अग्रवाल इसके समन्वयक रहे।



पानीत। पाइट में शोभित यूनिवर्सिटी से वीसी प्रो. डॉ. रंजीत सिंह को सम्मानित करते हुए मेजबान। फोटो: हरिभूमि



डीपीएस पानीपत सिटी के मेधावी विद्यार्थी अपने टीचर्स के साथ।

डीपीएस पानीपत सिटी के मेधावी विद्यार्थी पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

डीपीएस पानीपत सिटी के विद्यार्थियों का सत्र 24-25 के सीबीएई बोर्ड के बारहवीं कक्षा के कला, विज्ञान एवं ह्यूमैनिटीज तीनों संकाय में विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया ने इस शानदार बोर्ड के परिणाम के लिए सभी विद्यार्थियों अभिभावकों को तथा शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह परिणाम उनके कठिन परिश्रम, लगन एवं अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे भविष्य में भी मेहनत के साथ शिक्षित होकर देश, समाज, मानवता की सेवा करें।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

OTHER 15/05/2025

पाइट में नैशनल टेक्नॉलोजी दिवस मनाया

समालखा, 14 मई (अशोक चुघ): हरियाणा स्टेट काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नॉलोजी (एचएससीएसटी) के विज्ञान एवं टेक्नॉलोजी विभाग के सहयोग से पाइट में दो दिवसीय नेशनल टेक्नॉलोजी दिवस मनाया गया। शिक्षा, नवाचार और तकनीक से जुड़े कई प्रमुख विषयों पर संवाद हुआ। इसमें एमडीयू, गुरु नानक इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन सोनीपत, आइआइटीम कॉलेज ऑफ फार्मेसी मुरथल, आरके इंटरनेशनल स्कूल नरेला सहित कई कॉलेजों से 290 प्रतिभागियों ने भाग लिया। शोभित यूनिवर्सिटी से वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) रंजीत सिंह ने टिकाऊ भविष्य के लिए तकनीक और नवाचार की भूमिका पर प्रकाश डाला। एचएससीएसटी, डीएसटी पंचकूला से मुख्य वक्ता डॉ. राहुल तनेजा ने पेटेंट्स की भूमिका पर जोर देते हुए बताया कि ये नवाचार और तकनीकी शिक्षा को कैसे सशक्त बनाते हैं। पाइट के निदेशक डॉ. शक्ति कुमार ने नवाचार और तकनीकी विकास के वर्तमान और भविष्य की भूमिका पर विचार साझा किए। प्रोजेक्ट एग्जीबिशन में 72 टीमों ने भाग लिया।



मंच पर अतिथियों को सम्मानित करते हुए।

Panipat Institute of Engineering &Technology

NEWS CLIPPING

DAINIK BHASKAR 15/05/2025

दैनिक भास्कर पानीपत भास्कर 15-05-2025

पाइट में शिक्षा, नवाचार और तकनीक पर संवाद

समालखा| पाइट में दो दिवसीय नेशनल टेक्नॉलॉजी दिवस मनाया गया। शिक्षा, नवाचार और तकनीक से जुड़े कई प्रमुख विषयों पर संवाद हुआ। इसमें एमडीयू, गुरु नानक इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन सोनीपत, आईआईटीएम कॉलेज ऑफ फार्मेसी मुरथल, आरके इंटरनेशनल स्कूल नरेला सहित कई कॉलेजों से 290 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रोजेक्ट एग्जीबिशन में 72 टीमों ने भाग लिया।

इसमें पाइट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मोक्ष गोयल, संभव सेठी, जिया, अर्शी जुनेजा विजेता रहे। ब्राइट स्कॉलर स्कूल सोनीपत से अर्शन जैन द्वितीय व पाइट संस्कृति स्कूल से पुनीत गोयल तीसरे स्थान पर रहे। वाद-विवाद प्रतियोगिता में गुरु नानक इंस्टीट्यूट की ऋतु प्रथम रही। एमडीयू रोहतक से कीर्ति द्वितीय व पाइट संस्कृति स्कूल से शुभि कुमार को तीसरा पुरस्कार मिला।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

DAINIK JAGRAN 15/05/2025

तकनीक और नवाचार की भूमिका पर डाला प्रकाश

- पाइट में मनाया दो दिवसीय राष्ट्रीय तकनीकी दिवस
- इंस्टीट्यूट सहित कालेजों से 290 प्रतिभागियों ने लिया भाग



मंच पर अतिथियों को सम्मानित करते हुए। • सहयोग

जागरण संवाददाता, • समालखा: हरियाणा स्टेट काउंसिल आफ साइंस एंड टेक्नालोजी (एचएससीएसटी) के विज्ञान एवं टेक्नालोजी विभाग के सहयोग से पाइट में दो दिवसीय राष्ट्रीय तकनीकी दिवस मनाया। शिक्षा, नवाचार और तकनीक से जुड़े विषयों पर शिक्षाविदों ने संवाद किया। एमडीयू, गुरु नानक इंस्टीट्यूट आफ हायर एजुकेशन सोनीपत, आइआइटीम कालेज आफ फार्मेसी मुरथल, आरके इंटरनेशनल स्कूल नरेला सहित कालेजों से 290 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

शोभित यूनिवर्सिटी से वाइस चांसलर प्रो. रंजीत सिंह ने टिकाऊ भविष्य के लिए तकनीक और नवाचार की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने नई शिक्षा नीति (एनईपी) और परिणाम आधारित शिक्षा (ओबीई) को शिक्षण कार्यों में आवश्यक बताया। एचएससीएसटी, डीएसटी पंचकूला से मुख्य वक्ता डा. राहुल तनेजा ने पेटेंट्स की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि इससे नवाचार और तकनीकी शिक्षा को बल मिलता है। निदेशक डा. शक्ति कुमार ने नवाचार और तकनीकी विकास के वर्तमान और भविष्य की भूमिका पर विचार साझा किए।

यह रहा परिणाम: प्रोजेक्ट एग्जीबिशन में 72 टीमों ने भाग लिया, जिनमें पाइट संस्कृति सीसे स्कूल के मोक्ष गोयल, संभव सेठी, जिया, अर्शी जुनेजा विजेता रहे। ब्राइट स्कालर स्कूल, सोनीपत से अर्शन जैन को द्वितीय व पाइट संस्कृति स्कूल से पुनीत गोयल को तीसरा स्थान मिला। वाद-विवाद स्पर्धा में 55 प्रतिभागी रहे, जिसमें गुरु नानक इंस्टीट्यूट की ऋतु प्रथम रही। एम डीयू रोहतक से कीर्ति द्वितीय व पाइट संस्कृति स्कूल से शुभि कुमार को तीसरा पुरस्कार मिला। आरके इंटरनेशनल से पल्किन चोपड़ा, पाइट की ज्योति, आरके इंटरनेशनल की ज्योति को सांत्वना पुरस्कार दिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आइआइटीएम मुरथल की तनीषा प्रथम, पाइट की चाहत व भावना द्वितीय और श्रुति तीसरे स्थान पर रही। गौरी को सांत्वना पुरस्कार दिया। डा. प्रवीण गोयल, डा. शक्ति अरोड़ा, डा. गौरव अग्रवाल समन्वयक रहे।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

PUNJAB KESARI 15/05/2025

पाइट में नैशनल टैक्नॉलोजी दिवस मनाया

● शोभित यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर ने कहा- परिणाम आधारित हो शिक्षा

समालखा, 14 मई (राकेश): हरियाणा स्टेट काऊंसिल ऑफ साइंस एंड टैक्नॉलोजी (एचएससीएसटी) के विज्ञान व टैक्नॉलोजी विभाग के सहयोग से पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नॉलोजी (पाइट) में 2 दिवसीय नैशनल टैक्नॉलोजी दिवस मनाया गया।

शिक्षा, नवाचार और तकनीक से जुड़े कई प्रमुख विषयों पर संवाद हुआ। इसमें एमडीयू, गुरु नानक इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन सोनीपत, आईआईटीम कॉलेज ऑफ फार्मेसी मुरथल, आरके इंटरनैशनल स्कूल नरेला सहित कई कॉलेजों से 290 प्रतिभागियों ने भाग लिया।



पाइट कॉलेज में मंच पर अतिथियों को सम्मानित करते हुए। (राकेश)

शोभित यूनिवर्सिटी से वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) रंजीत सिंह ने टिकाऊ भविष्य के लिए तकनीक और नवाचार की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी.) और परिणाम आधारित शिक्षा (ओ.बी.ई.) को शिक्षण में आवश्यक बताया।

एच.एस.सी.एस.टी., डी.एस.टी. पंचकूला से मुख्य वक्ता डॉ. राहुल तनेजा ने पेटेंट्स की भूमिका पर जोर देते हुए बताया कि ये नवाचार और तकनीकी शिक्षा को कैसे सशक्त बनाते हैं। पाइट के निदेशक डॉ. शक्ति कुमार ने नवाचार और तकनीकी विकास के वर्तमान और भविष्य की भूमिका पर विचार साझा किए।

प्रोजैक्ट एग्जीबिशन में 72 टीमों ने भाग लिया। इसमें पाइट संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल के मोक्ष गोयल, संभव सेठी, जिया, अर्शी जुनेजा विजेता रहे। ब्राइट स्कॉलर स्कूल सोनीपत से अर्शन जैन द्वितीय व पाइट संस्कृति स्कूल से पुनीत गोयल तीसरे स्थान पर रहे।

वाद-विवाद प्रतियोगिता में 55 प्रतिभागी रहे, जिसमें गुरु नानक इंस्टीट्यूट की ऋतु प्रथम रही। एम.डी.यू. रोहतक से कीर्ति द्वितीय व पाइट संस्कृति स्कूल से शुभि कुमार को तीसरा पुरस्कार मिला। आर.के. इंटरनैशनल से पल्किन चोपड़ा, पाइट की ज्योति, आर.के. इंटरनैशनल की ज्योति को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आई.आई.टी.एम. मुरथल की तनीषा प्रथम, पाइट की चाहत व भावना द्वितीय और श्रुति तीसरे स्थान पर रहीं। गौरी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। डॉ. प्रवीण गोयल, डॉ. शक्ति अरोड़ा व डॉ. गौरव अग्रवाल इसके समन्वयक रहे।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

OTHER 15/05/2025

पाइट में नेशनल टेक्नॉलोजी दिवस मनाया, रिसर्च का महत्व बताया



पानीपत (जैन)। हरियाणा स्टेट काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नॉलोजी (एचएससीएसटी) के विज्ञान एवं टेक्नॉलोजी विभाग के सहयोग से पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में दो दिवसीय नेशनल टेक्नॉलोजी दिवस मनाया गया। शिक्षा, नवाचार और तकनीक से जुड़े कई प्रमुख विषयों पर संवाद हुआ। इसमें एमडीयू, गुरु नानक इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन सोनीपत, आइआइटीम कॉलेज ऑफ फार्मेसी मुरथल, आरके इंटरनेशनल स्कूल नरेला सहित कई कॉलेजों से 290 प्रतिभागियों ने भाग लिया। शोभित यूनिवर्सिटी से वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) रंजीत सिंह ने टिकाऊ भविष्य के लिए तकनीक और नवाचार की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने नई शिक्षा नीति (एनईपी) और परिणाम आधारित शिक्षा (ओबीई) को शिक्षण में आवश्यक बताया। एचएससीएसटी, डीएसटी पंचकूला से मुख्य वक्ता डॉ. राहुल तनेजा ने पेटेंट्स की भूमिका पर जोर देते हुए बताया कि ये नवाचार और तकनीकी शिक्षा को कैसे सशक्त बनाते हैं। पाइट के निदेशक डॉ. शक्ति कुमार ने नवाचार और तकनीकी विकास के वर्तमान और भविष्य की भूमिका पर विचार साझा किए। प्रोजेक्ट एक्जीबिशन में 72 टीमों ने भाग लिया। इसमें पाइट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मोक्ष गोयल, संभव सेठी, जिया, अर्शी जुनेजा विजेता रहे। ब्राइट स्कॉलर स्कूल सोनीपत से अर्शन जैन द्वितीय व पाइट सीनियर सेकेंडरी स्कूल से पुनीत गोयल तीसरे स्थान पर रहे। वाद-विवाद प्रतियोगिता में 55 प्रतिभागी रहे, जिसमें गुरु नानक इंस्टीट्यूट की ऋतु प्रथम रही। एमडीयू रोहतक से कीर्ति द्वितीय व पाइट सीनियर सेकेंडरी स्कूल से शुभि कुमार को तीसरा पुरस्कार मिला। आरके इंटरनेशनल से पल्किन चोपड़ा, पाइट की ज्योति, आरके इंटरनेशनल की ज्योति को साझे बना पुरस्कार दिया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आइआइटीएम मुरथल की तनीषा प्रथम, पाइट की चाहत व भावना द्वितीय और श्रुति तीसरे स्थान पर रहीं। गौरी को साझे बना पुरस्कार दिया गया। डॉ.प्रवीण गोयल, डॉ. शक्ति अरोड़ा डॉ. गौरव अग्रवाल इसके समन्वयक रहे।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

DAINIK SAVERA 15/05/2025

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

पाइट में नेशनल टेक्नॉलोजी दिवस मनाया



वक्ताओं का स्वागत करते आयोजक।

सवेरा न्यूज/रतन लाल समालखा : हरियाणा स्टेट काऊंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नॉलोजी के विज्ञान एवं टेक्नॉलोजी विभाग के सहयोग से पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी पाइट में दो दिवसीय नेशनल टेक्नॉलोजी दिवस मनाया गया। शिक्षा, नवाचार और तकनीक से जुड़े कई प्रमुख विषयों पर संवाद हुआ। शोभित यूनिवर्सिटी से वाइस चांसलर प्रो.डॉ.रंजीत सिंह ने टिकाऊ भविष्य के लिए तकनीक और नवाचार की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने नई शिक्षा नीति और परिणाम आधारित शिक्षा को शिक्षण में आवश्यक बताया। एचएससीएसटीए डीएसटी पंचकुला से मुख्य वक्ता डॉ.राहुल तनेजा ने पेटेंट्स की भूमिका पर जोर देते हुए बताया कि ये नवाचार और तकनीकी शिक्षा को कैसे सशक्त बनाते हैं। प्रोजेक्ट एग्जीबिशन में 72 टीमों ने भाग लिया। इसमें पाइट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मोक्ष गोयल, संभव सेठी, जिया, अर्शी जुनेजा विजेता रहे। ब्राइट स्कॉलर स्कूल सोनीपत से अर्शन जैन द्वितीय व पाइट संस्कृति स्कूल से पुनीत गोयल तीसरे स्थान पर रहे।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

PUNJAB KESARI 12/05/2025

सारे जहां का शैतान पाकिस्तान उनका है : डॉ.इंद्रेश कुमार

समालखा, 11 मई (राकेश) : राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं वरिष्ठ प्रचारक डॉ.इंद्रेश कुमार ने कहा कि सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तान हमारा है। सारे जहां का शैतान पाकिस्तान उनका है। पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया जाना जरूरी है। इसके साथ ही हम भारतीयों को एकजुट होकर संकल्प लेना होगा कि चीन को भी सख्त संदेश देना है। डॉ.इंद्रेश कुमार यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी में विश्वग्राम संस्था की ओर से आयोजित रन फॉर कश्मीर कार्यक्रम में ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे।



पाइट कॉलेज में वाइस चेयरमैन व अन्य भारत माता के जयकारे लगाते हुए। (राकेश)

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अब साजिश रचकर बांग्लादेश पर कब्जा करना चाहता है। चीन उसकी मदद कर रहा है। इस बार हिंदुस्तान ऐसा फैसला कर ले कि बरसों तक पाकिस्तान उठ न सके। रणनीति व कूटनीति के माध्यम से पाकिस्तान को दुनिया से अलग-थलग करना होगा। पाकिस्तान का साथ दे रहे चीन की आर्थिक रुप से कमर तोड़ने का काम हमने किया है। इसी वजह से चीन बौखलाया हुआ है। चीन की वजह से दुनिया ने कोरोना को झेला है। भारतीय को मिलकर अब तुर्की, चीन और पाकिस्तान की पोल खोलनी चाहिए। भगवान से भी प्रार्थना करें कि हमें हमारे पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से स्थायी मुक्ति मिल जाए।

नदी संवाद संस्था के संयोजक जीवकांत ने नदियों के महत्व को रेखांकित किया। रिटायर्ड मेजर जनरल जावेद इकबाल ने कहा कि हमारी सेना कभी देश को निराश नहीं करेगी। रक्त के आखिरी कतरे तक हमारा सैनिक सीमाओं पर खड़ा है। सर्वोच्च बलिदान के लिए हम तैयार हैं। सीआरपीएफ से डिप्टी डायरैक्टर कोमल सिंह ने अपने अनुभवों को साझा किया। घर में घुसकर जवाब देते है।

रन फॉर कश्मीर, पाकिस्तान को सजा कार्यक्रम की संयोजक प्रो.(डॉ.) गीता सिंह ने कहा कि अब हिंदुस्तान बदल गया है। युवा हिंदुस्तान किसी आतंक को बर्दाश्त नहीं करता। घर में घुसकर पाकिस्तान को हम जवाब देते हैं। आगे भी जवाब देते रहेंगे। पूरी दुनिया को हमने बता दिया है कि आतंकवादी जहां होगा, उसे पनपने नहीं देंगे। गीता सिंह दिल्ली यूनिवर्सिटी में सेंटर फॉर प्रोफैशनल डिवैल्पमैंट इन हायर एजुकेशन (सी.पी.डी.एच.ई.) की निदेशक हैं। उन्होंने युवाओं को आतंकवाद के खिलाफ शपथ भी दिलाई।

इस अवसर पर पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, डॉ.बी.बी. शर्मा, पाइट एन.एफ.एल. स्कूल से प्रिंसीपल रेखा बजाज, निर्यातक विभु पालीवाल, सुरेश काबरा, विवेक कत्याल, रवींद्र सैनी, सुशील गुप्ता, वेद पाराशर भी मौजूद रहे। पाइट स्कूल के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविताएं सुनाईं।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

DAINIK BHASKAR 12/05/2025

दैनिक भास्कर पानीपत भास्कर 12-05-2025

भारतीयों को एकजुट होकर विरोधियों को सख्त संदेश देना होगा: डॉ. इंद्रेश



समालखा. पाइट में भारत माता की जय का घोष करते हुए।

समालखा | राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं वरिष्ठ प्रचारक डॉ. इंद्रेश कुमार ने कहा कि पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया जाना जरूरी है। भारतीयों को एकजुट होकर संकल्प लेना होगा कि चीन को भी सख्त संदेश देना है। विश्वकर्मा संस्था की ओर से पाइट में आयोजित रन फॉर कश्मीरी कार्यक्रम को डॉ. इंद्रेश ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अब साजिश रचकर बांग्लादेश पर कब्जा करना चाहता है। रणनीति व कूटनीति के माध्यम से पाकिस्तान को दुनिया से अलग-थलग करना होगा। भारतीय को मिलकर अब तुर्की, चीन और पाकिस्तान की पोल खोलनी चाहिए। नदी संवाद संस्था के संयोजक जीवकांत ने नदियों के महत्व को रेखांकित किया। रिटायर्ड मेजर जनरल जावेद इकबाल ने कहा कि हमारी सेना कभी देश को निराश नहीं करेगी। सीआरपीएफ से डिप्टी डायरेक्टर कोमल सिंह ने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम संयोजक प्रो. गीता सिंह ने कहा कि हिंदुस्तान किसी आतंक को बर्दाश्त नहीं करता। मौके पर पाइट चेयरमैन हरिओम तायल, सुरेश तायल, राकेश तायल, डॉ.बीबी शर्मा, रेखा बजाज, विभू पालीवाल, सुरेश कांबरा, विवेक कत्याल आदि मौजूद रहे।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

OTHER 12/05/2025

सारे जहां का शैतान पाकिस्तान उनका है : डॉ. इंद्रेश कुमार

टीम एक्शन इंडिया
समालखा (कुलदीप सिंह)
राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं वरिष्ठ प्रचारक डॉ.इंद्रेश कुमार ने कहा कि सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा है। सारे जहां का शैतान पाकिस्तान उनका है। पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया जाना जरूरी है। इसके साथ ही हम भारतीयों को एकजुट होकर संकल्प लेना होगा कि चीन को भी सख्त संदेश देना है।
डॉ.इंद्रेश कुमार यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी में विश्वग्राम संस्था की ओर से आयोजित रन फॉर कश्मीर कार्यक्रम में ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे।
उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अब साजिश रचकर बांग्लादेश पर



कब्जा करना चाहता है। चीन उसकी मदद कर रहा है। इस बार हिंदुस्तान ऐसा फैसला कर ले कि बरसों तक पाकिस्तान उठ न सके। रणनीति व कूटनीति के माध्यम से पाकिस्तान को दुनिया से अलग-थलग करना होगा। पाकिस्तान का साथ दे रहे चीन की आर्थिक रूप से कमर तोड़ने का काम हमने किया है। इसी वजह से चीन बौखलाया हुआ है। चीन की वजह से दुनिया ने कोरोना को झेला है। भारतीय को मिलकर अब तुर्की, चीन और पाकिस्तान की पोल खोलनी चाहिए। भगवान से भी प्रार्थना करें कि हमें हमारे पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से स्थायी मुक्ति मिल जाए। नदी संवाद संस्था के संयोजक जीवकांत ने नदियों के महत्व को रेखांकित किया। रिटायर्ड मेजर जनरल जावेद इकबाल ने कहा कि हमारी सेना कभी देश को निराश नहीं करेगी। रक्त के आखिरी कतरे तक हमारा सैनिक सीमाओं पर खड़ा है। सर्वोच्च बलिदान के लिए हम तैयार हैं। सीआरपीएफ से डिप्टी डायरेक्टर कोमल सिंह ने अपने अनुभवों को साझा किया।
घर में घुसकर जवाब देते हैं
रन फॉर कश्मीर, पाकिस्तान को सजा कार्यक्रम की संयोजक प्रो.(डॉ.) गीता सिंह ने कहा कि अब हिंदुस्तान बदल गया है। युवा हिंदुस्तान किसी आतंक को बर्दाश्त नहीं करता। घर में घुसकर पाकिस्तान को हम जवाब देते हैं। आगे भी जवाब देते रहेंगे। पूरी

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

OTHER 12/05/2025

मदान, सुनील कालड़ा, डॉ. विजय चौहान व डॉ. गुलशन मौजूद रहे।

पाइट में रन फॉर कश्मीर आयोजित



समालखा स्थित पाइट में भारत माता की जय के नारे लगाते संघ के सदस्य। -निस

समालखा (निस) : राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं वरिष्ठ प्रचारक डॉ. इंद्रेश कुमार ने कहा कि पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया जाना जरूरी है। साथ ही हम भारतीयों को एकजुट होकर संकल्प लेना होगा कि चीन को भी सख्त संदेश देना है। डॉ. इंद्रेश यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक नॉलोजी में विश्वग्राम संस्था की ओर से आयोजित रन फॉर कश्मीर कार्यक्रम में ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अब साजिश रचकर बांग्लादेश पर कब्जा करना चाहता है। चीन उसकी मदद कर रहा है। इस बार हिंदुस्तान ऐसा फैसला कर ले कि बरसों तक पाकिस्तान उठ न सके। रणनीति व कूटनीति के माध्यम से पाकिस्तान को दुनिया से अलग-थलग करना होगा। पाकिस्तान का साथ दे रहे चीन की आर्थिक रूप से कमर तोड़ने का काम हमने किया है। इसी वजह से चीन बौखलाया हुआ है। भारतीय को मिलकर अब तुर्की, चीन और पाकिस्तान की पोल खोलनी चाहिए। रिटायर्ड मेजर जनरल जावेद इकबाल ने कहा कि हमारी सेना कभी देश को निराश नहीं करेगी। सर्वोच्च बलिदान के लिए हम तैयार हैं। सीआरपीएफ से डिप्टी डायरेक्टर कोमल सिंह ने अनुभवों को साझा किया।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

SACHKAHOON 12/05/2025

epaper.sachkahoon.com
12 May 2025 - Page 14

'रन फॉर कश्मीर' कार्यक्रम में डॉ. इंद्रेश कुमार ने पाकिस्तान और चीन को सख्त संदेश दिया

सारे जहां का शैतान पाकिस्तान उनका है : डॉ. इंद्रेश कुमार



समालखा (सच कहूँ न्यूज)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं वरिष्ठ प्रचारक डॉ. इंद्रेश कुमार ने पाकिस्तान और चीन को लेकर कड़ा संदेश दिया। पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी में आयोजित 'रन फॉर कश्मीर' कार्यक्रम में ऑनलाइन संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा है, और पाकिस्तान को सख्त सबक सिखाना जरूरी है। उन्होंने पाकिस्तान के नापाक इरादों को लेकर चेतावनी दी और कहा कि पाकिस्तान अब बांग्लादेश पर कब्जा करने की साजिशें कर रहा है, जिसमें चीन उसकी मदद कर रहा है।

डॉ. इंद्रेश कुमार ने जोर देते हुए कहा कि भारत को अपनी रणनीति और कूटनीति से पाकिस्तान को पूरी दुनिया से अलग-थलग करना होगा और चीन को भी कड़ा संदेश देना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि चीन की आर्थिक कमर तोड़ने में भारत ने अहम भूमिका निभाई है और अब हमें पाकिस्तान, चीन और तुर्की के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए।

सेना के बलिदान को भुलाया नहीं जाएगा

कार्यक्रम में रिटायर्ड मेजर जनरल जावेद इकबाल ने भारतीय सेना के बलिदान और देश की सुरक्षा के लिए सेना के समर्पण की बात की। उन्होंने कहा कि भारतीय सैनिक कभी देश को निराश नहीं करेंगे और सीमा पर उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जाएगा। कार्यक्रम की संयोजक प्रो. (डॉ.) गीता सिंह ने कहा कि आज का युवा हिंदुस्तान आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करता। उन्होंने युवाओं से आतंकवाद के खिलाफ शपथ लेने की अपील की और कहा कि अब हम पाकिस्तान को घर में घुसकर जवाब देंगे। इस कार्यक्रम में पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे, जबकि पाइट स्कूल के छात्रों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविताएं प्रस्तुत की।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

PEHLA PANNA 12/05/2025

पहला पन्ना

PEHLA PANNA

NEWS | ANALYSIS | PODCAST | GK | LITERATURE | ACTIVITY

May 12th 2025

PIET में विश्वग्राम से डॉ.इंद्रेश कुमार का संदेश- सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा है, सारे जहां का शैतान पाकिस्तान उनका है, चीन और तुर्किये को भी अब सबक सिखाने की सख्त जरूरत



PehlaPanna, Digital Desk, Panipat : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य और वरिष्ठ प्रचारक डॉ. इंद्रेश कुमार ने "हिंदुस्तान हमारा गर्व है, जबकि पाकिस्तान आतंक की पाठशाला बना हुआ है।" उन्होंने यह बात पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (PIET) में आयोजित 'रन फॉर कश्मीर' कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कही। यह आयोजन विश्वग्राम संस्था द्वारा किया गया।

डॉ. इंद्रेश कुमार ने अपने उद्बोधन में स्पष्ट रूप से कहा कि पाकिस्तान को अब कठोर सबक सिखाना जरूरी है। पाकिस्तान न केवल भारत के खिलाफ साजिशें रच रहा है, बल्कि अब बांग्लादेश को भी अस्थिर करने की कोशिश कर रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि चीन भी पाकिस्तान के इन मंसूबों में साझेदार बन चुका है। उनका कहना था कि अब समय आ गया है कि भारत एकजुट होकर ऐसा निर्णायक कदम उठाए जिससे पाकिस्तान वर्षों तक उबर न सके।

उन्होंने आगे कहा कि भारत पहले ही चीन की आर्थिक शक्ति को कमजोर करने के प्रयासों में सफल रहा है, और यही कारण है कि आज चीन बौखलाया हुआ है।

साथ ही उन्होंने कोविड-19 महामारी के लिए चीन को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि अब भारत को तुर्की, पाकिस्तान और चीन की असलियत दुनिया के सामने रखनी चाहिए। उन्होंने देशवासियों से प्रार्थना करने की भी अपील की कि भारत को पाकिस्तान जैसे पड़ोसी से स्थायी मुक्ति मिले।



प्रो.(डॉ.) गीता सिंह मंच से अपनी बात रखती हुईं। **PehlaPanna**

आतंकवाद को घर में घुसकर देंगे जवाब : प्रो. गीता सिंह

कार्यक्रम की संयोजक और दिल्ली विश्वविद्यालय के सीपीडीएचई की निदेशक प्रो. (डॉ.) गीता सिंह ने कहा कि "आज का भारत बदला हुआ भारत है।" उन्होंने कहा कि युवा अब आतंक को बर्दाश्त नहीं करते और जब भी आवश्यकता होती है, भारत आतंक के अड्डों में घुसकर जवाब देता है और आगे भी देता रहेगा। उन्होंने युवाओं को आतंकवाद के खिलाफ शपथ भी दिलाई।

भारतीय सेना पर हमें भरोसा

इस अवसर पर PIET के चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, डॉ. बीबी शर्मा, तथा PIET NFL स्कूल की प्रिंसिपल रेखा बजाज समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

रिटायर्ड मेजर जनरल जावेद इकबाल ने अपने संबोधन में भारतीय सेना की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा कि "हमारे सैनिक अंतिम सांस तक देश की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

सीआरपीएफ के डिप्टी डायरेक्टर कोमल सिंह ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान छात्रों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविताएं और प्रस्तुतियां दीं, जो उपस्थित लोगों में उत्साह भर गईं।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

HARIBHOOMI 12/05/2025

पाकिस्तान के साथ चीन को भी सख्त संदेश जरूरी: डॉ.इंद्रेश

- पाइट में विश्वग्राम संस्था ने रन फॉर कश्मीर ने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



पानीपत। पाइट में देशभक्ति के गीत गाते हुए शिक्षाविद, समाजसेवी आदि गणमान्य नागरिक। *फोटो: हरिभूमि*

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं वरिष्ठ प्रचारक डॉ.इंद्रेश कुमार ने कहा कि सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा है। सारे जहां का शैतान पाकिस्तान उनका है। पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया जाना जरूरी है। इसके साथ ही हम भारतीयों को एकजुट होकर संकल्प लेना होगा कि चीन को भी सख्त संदेश देना है। डॉ.इंद्रेश कुमार यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी में विश्वग्राम संस्था की ओर से आयोजित रन फॉर कश्मीर कार्यक्रम में ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अब साजिश रचकर बांग्लादेश पर कब्जा करना चाहता है। चीन उसकी मदद कर रहा है। इस बार हिंदुस्तान ऐसा फैसला कर ले कि बरसों तक पाकिस्तान उठ न सके। रणनीति व कूटनीति के माध्यम से पाकिस्तान को दुनिया से अलग-थलग करना होगा। पाकिस्तान का साथ दे रहे चीन की आर्थिक रूप से कमर तोड़ने का काम हमने किया है। इसी वजह से चीन बौखलाया हुआ है। चीन की वजह से दुनिया ने कोरोना को झेला है। उन्होंने कहा कि भारतीय को मिलकर अब तुर्की, चीन और पाकिस्तान की पोल खोलनी चाहिए। भगवान से भी प्रार्थना करें कि हमें हमारे पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से स्थायी मुक्ति मिल जाए। नदी संवाद संस्था के संयोजक जीवकांत ने नदियों के महत्व को रेखांकित किया।

भारत की सेना जांबाज है : जावेद

रिटायर्ड मेजर जनरल जावेद हकबाल ने कहा कि भारत दुनिया की चौथे नंबर की सबसे ताकतवर सेना है। वहीं भारतीय सेना जांबाज है और भारत की रक्षा में हमारी सेना कभी देश को निराश नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि रक्त के आखिरी कतरे तक हमारा सैनिक सीमाओं की रक्षा करता है। सर्वोच्च बलिदान के लिए हमारी सेना हमेशा तैयार रहती है। सीआरपीएफ से डिप्टी डायरेक्टर कोमल सिंह ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि हर भारतीय को देश की एकता, अखंडता के लिए एकजुट होना होगा। देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए संदिग्ध लोगों की जानकारी पुलिस को देनी चाहिए।

घर में घुसकर जवाब देते हैं : प्रो सिंह

रन फॉर कश्मीर, पाकिस्तान को सजा कार्यक्रम की संयोजक प्रो डॉ. गीता सिंह ने कहा कि अब हिंदुस्तान बदल गया है। युवा हिंदुस्तान किसी आतंक को बर्दाश्त नहीं करता। घर में घुसकर पाकिस्तान को हम जवाब देते हैं। आगे भी जवाब देते रहेंगे। पूरी दुनिया को हमने बता दिया है कि आतंकवादी जहां होगा, उसे पनपने नहीं देंगे। गीता सिंह दिल्ली यूनिवर्सिटी में सेंटर फॉर प्रोफेशनल डेवलपमेंट इन हायर एजुकेशन (सीपीडीएचई) की निदेशक हैं। उन्होंने युवाओं को आतंकवाद के खिलाफ शपथ भी दिलाई।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

DAINIK JAGRAN 12/05/2025

'पाक को सबक सिखाना जरूरी'

जागरण संवाददाता • समालखा : राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं वरिष्ठ प्रचारक डा. इंद्रेश कुमार ने कहा कि सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा है। सारे जहां का शैतान पाकिस्तान है। पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया जाना जरूरी है। हम भारतीयों को एकजुट होकर चीन को संदेश देने के लिए संकल्प लेना होगा।

डा. इंद्रेश कुमार पानीपत इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में विश्वग्राम संस्था की ओर से आयोजित रन फार कश्मीर कार्यक्रम को आनलाइन संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अब साजिश रचकर बांग्लादेश पर कब्जा करना चाहता है। चीन उसकी मदद कर रहा है। हिंदुस्तान ऐसा फैसला ले कि बरसों तक पाकिस्तान जमीन से उठ न सके। भारतीयों को मिलकर अब तुर्की, चीन और पाकिस्तान की पोल खोलनी चाहिए। नदी संवाद संस्था के संयोजक जीवकांत ने नदियों के महत्व को रेखांकित किया।

रिटायर्ड मेजर जनरल जावेद इकबाल ने कहा कि हमारी सेना कभी देश को निराश नहीं करेगी। सीआरपीएफ से डिप्टी डायरेक्टर कोमल सिंह ने अपने अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, डा. बीबी शर्मा, रेखा बजाज, विभू पालीवाल, सुरेश काबरा, विवेक कत्याल, रवींद्र सैनी, सुशील गुप्ता व वेद पाराशर मौजूद रहे।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

AAJ SAMAJ 12/05/2025

सारे जहां का शैतान पाकिस्तान उनका है : डॉ.इंद्रेश कुमार

आज समाज नेटवर्क

पानीपत/समालखा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं वरिष्ठ प्रचारक डॉ.इंद्रेश कुमार ने कहा कि सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा है। सारे जहां का शैतान पाकिस्तान उनका है। पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया जाना जरूरी है। इसके साथ ही हम भारतीयों को एकजुट होकर संकल्प लेना होगा कि चीन को भी सख्त संदेश देना है। डॉ.इंद्रेश कुमार यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी में विश्वग्राम संस्था की ओर से आयोजित रन फॉर कश्मीर कार्यक्रम में ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अब साजिश रचकर बांग्लादेश पर कब्जा करना चाहता है। चीन उसकी मदद कर रहा है। इस बार हिंदुस्तान ऐसा फैसला कर ले कि बरसों तक पाकिस्तान उठ न सके। रणनीति व कूटनीति के माध्यम से पाकिस्तान को दुनिया से अलग-थलग करना होगा। पाकिस्तान का साथ दे रहे चीन की आर्थिक रूप से कमर तोड़ने का काम हमने किया है। इसी वजह से चीन बौखलाया हुआ है। चीन की वजह से दुनिया ने कोरोना को झेला है। भारतीय को मिलकर अब तुर्की, चीन और पाकिस्तान की पोल खोलनी चाहिए। भगवान से भी प्रार्थना करें कि हमें हमारे पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से स्थायी मुक्ति मिल जाए। नदी संवाद संस्था के संयोजक जीवकांत ने नदियों के महत्व को रेखांकित किया।

Panipat Institute of Engineering &Technology

NEWS CLIPPING

DAINIK BHASKAR 04/05/2025

दैनिक भास्कर पानीपत भास्कर 04-05-2025

पाइट में भास्कर का स्कूल एक्सीलेंस अवॉर्ड, शिक्षा मंत्री ढांडा ने किया 200 से ज्यादा प्राचार्यों को सम्मानित

हरियाणवी बोली को भाषा कैसे बनाया जाए, इस पर काम कर रहा शिक्षा विभाग : महीपाल ढांडा

भास्कर न्यूज | पानीपत

पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पाइट) में भास्कर का स्कूल एक्सीलेंस अवॉर्ड कार्यक्रम हुआ। जिसमें शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने प्राचार्यों को सम्मानित किया। ढांडा ने कहा कि हरियाणवी बोली को भाषा कैसे बनाएं, इस पर शिक्षा विभाग काम कर रहा है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वे इसमें योगदान दें।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि भारत विश्व गुरु वैसे ही नहीं बनेगा, बल्कि पूरा विश्व यह मानता है कि भारत ही पूरे विश्व को एक कर सकता है। स्कूल एक्सीलेंस अवॉर्ड समारोह में पानीपत, करनाल, सोनीपत, अम्बाला, यमुनानगर, भिवानी रोहतक, कुरुक्षेत्र, कैथल सहित विभिन्न जिलों से 200 से अधिक प्राचार्यों को सम्मानित किया गया। डॉ. शक्ति अरोड़ा ने साइबर सिक्योरिटी पर ट्रेनिंग दी। स्कूल प्राचार्यों को साइबर सिक्योरिटी एंड सेफ्टी सर्टिफिकेट दिया गया।

इस अवसर पर पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य राजीव तायल, शुभम तायल और डीन डॉ. बीबी शर्मा मौजूद रहे।





भास्कर के स्कूल एक्सीलेंस अवॉर्ड कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा प्राचार्यों को सम्मानित करते हुए।

डिजिटल फ्रॉड से बचें

साइबर एक्सपर्ट तरुण टंडन ने कहा कि तकनीक के युग में आपकी छोटी सी लापरवाही से आपका पूरा डेटा चोरी हो सकता है। हाल ही में गिबली ट्रेंड चला। इसकी वजह से करोड़ों ने अपनी प्रइवेसी से अनजाने में समझौता कर लिया।

ड्रोन लैब जरूरी

एवीपीएल इंटरनेशनल कंपनी से आकाश ने कहा कि स्कूलों में ड्रोन लैब होनी चाहिए। ड्रोन से दुनिया में बदलाव आ रहा है। बच्चों को अभी से ड्रोन तकनीक के बारे में सिखाया जाएगा तो उनके लिए रास्ते खुलेंगे।

रिसर्च पर करें फोकस

पाइट के निदेशक डॉ. शक्ति कुमार ने कहा कि भारत को अगर आत्मनिर्भर बनना है और विकसित होना है तो ज्यादा से ज्यादा रिसर्च करने होंगे। विकसित देशों में सबसे अधिक रिसर्च और पेटेंट होते हैं।

3 श्रेणियों में प्राचार्यों को सम्मानित किया

वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि दैनिक भास्कर के सौजन्य से तीन श्रेणियों में प्राचार्यों को सम्मानित किया गया। आउटस्टैंडिंग लीडरशिप इन एजुकेशन, एकेडमिक एक्सीलेंस अवॉर्ड एवं एक्सीलेंस इन स्कूल मैनेजमेंट कैटेगरी में स्कूलों को अवॉर्ड दिया गया। पाइट के सचिव सुरेश तायल ने कहा कि एआई के समय में स्कूल अगर अपडेट होंगे तो भारत निश्चित विकास की राह पर बढ़ेगा।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

PUNJAB KESARI 29/04/2025

पाइट में पहुंचीं बिहार की पहली महिला आई.पी.एस. मंजरी जरूहार, विद्यार्थियों को पढ़ाया सफलता का पाठ

समालखा, 28 अप्रैल (राकेश) : पानीपत इंस्टीच्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी (पाइट) में बी.बी.ए. विभाग के बुक्स एंड बैंटर्स क्लब की तरफ से आयोजित बुक रीडिंग सैशन में बिहार की पहली महिला आई.पी.एस. मंजरी जरूहार पहुंची व विद्यार्थियों को सफलता का पाठ पढ़ाया।

उन्होंने कहा कि बिना पढ़ाई के आगे नहीं बढ़ा जा सकता। अगर आपने जॉब हासिल कर ली है या फिर स्वरोजगार कर रहे हैं, तब भी आपको बदलते वक्त के अनुसार अपडेट रहना होगा। इससे आप जीवनभर युवा रहेंगे और सबसे आगे भी निकलते जाएंगे। उन्होंने क्लब के छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया।

मंजरी जरुहार ने कहा कि नॉलेज ही पावर है। अगर आपके पास नॉलेज नहीं है तो पिछड़ जाएंगे। वक्त के साथ तकनीक बदलती है। अब आप ए.आई. यानी आर्टिफिशल इंटैलिजैंस के दौर में हैं। अगर आपने इसके बारे में नहीं सुना या इस पर काम नहीं किया तो पीछे रह जाएंगे। जिंदगी में चुनौतियां तो आएंगी। आपको इनका सामना करते हुए सीखते



पाइट कॉलेज में वाइस चेयरमैन बिहार की पहली महिला आई.पी.एस. अफसर को सम्मानित करते हुए। (राकेश)

जाना है। मंजरी जरुहार सी.आई.एस.एफ. से स्पैशल डायरैक्टर जनरल रिटायर हुई हैं। उन्होंने अपनी ऑटोबायोग्राफी मैडम सर लिखी है। इसी में से कुछ किस्से उन्होंने पढ़कर सुनाए।

मंजरी जरुहार ने बिहार में एस.पी. रहते हुए अपने कार्यकाल के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि कई बार नियम को तोड़कर आपको मानवता के लिए काम करना पड़ता है। जब आप ऐसा करते हैं तो सरकार भी आपका साथ देती है। सिविल सर्विस में राजनीतिक दबाव में न आएं। ईमानदारी से अपना काम करें। ज्यादा से ज्यादा आपका तबादला ही होगा, इसके अलावा कुछ नहीं कर सकते।

बेटियां अपना रास्ता बनाएं

मंजरी जरुहार ने एक सवाल के जवाब में कहा कि बेटियों को अपनी राह खुद बनानी होगी। समाज में भेदभाव होगा। इसकी परवाह न करते हुए आगे बढ़ते जाएं। अगर वह कदम नहीं उठातीं तो बिहार की पहली महिला आई.पी.एस. कैसे बन पातीं। अपने लिए खुद लड़ना होगा, जीतना होगा। यह मत कहें कि मुझसे नहीं हो सकता, यह कहें कि दूसरा कर सकता है तो मैं क्यों नहीं कर सकता या कर सकती।

मंजरी जरुहार के साथ पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, डीन डॉ.बी.बी. शर्मा, बी.बी.ए. विभाग अध्यक्ष डॉ.रोहित गर्ग, एम.बी.ए. विभाग अध्यक्ष डॉ.अखिलेश मिश्रा, बी.बी.ए. से डॉ. शशि बाला राज ने बुक क्लब के सदस्यों को सम्मानित किया।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

DAINIK JAGRAN 29/04/2025

छात्र छात्राओं को सफलता के लिए दिया मंत्र



मंजरी जरूहार को सम्मानित करते हुए पाइट प्रबंधन सम्मति के सदस्य। ● विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता ● समालखा

: पानीपत इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालोजी में बीबीए विभाग के बुक्स एंड बैटर्स क्लब की ओर से बुक रीडिंग सेशन आयोजित किया। मुख्यातिथि बिहार की पहली महिला आइपीएस अधिकारी मंजरी जरूहार ने छात्र छात्राओं को सफलता के लिए मंत्र दिया। मंजरी जरूहार ने एक सवाल के जवाब में कहा कि बेटियों को अपनी राह खुद बनानी होगी। इस मौके पर पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, डीन डा.बीबी शर्मा, बीबीए विभाग अध्यक्ष डा. रोहित गर्ग, एमबीए विभाग अध्यक्ष डा.अखिलेश मिश्रा व बीबीए से डा. शशि बाला मौजूद रहे।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

AAJSAMAJ 29/04/2025



पाइट में पहुंचीं बिहार की पहली आइपीएस मंजरी जरूहार, छात्रों को सफलता का पाठ पढ़ाया

जागरण संवाददाता • समालखा : पानीपत इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (पाइट) में नेशनल मेस्ट्रोज उत्सव में बालीवुड प्लेबैक सिंगर शालमली खोलगड़े के गीतों पर दर्शक झूमने को मजबूर हो गए। उन्होंने अपने गीत बलम पिचकारी से समां बांधा। गायक ज्ञानिश अल्फाज ने भी युवाओं को अपने गीतों पर खूब नचाया। शालमली खोलगड़े की स्टार नाइट के बाद हजारों लोगों ने चैंपियंस ट्राफी का फाइनल लाइव मैच एकसाथ देखा।

रविवार को चार दिवसीय मेस्ट्रोज उत्सव का स्टार नाइट का समापन हो गया। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि फैशन शो में बलिदानी भगत सिंह कालेज विजेता रहा। हिंदू कालेज की टीम दूसरे स्थान पर रही। नुक्कड़ नाटक में दयाल सिंह कालेज, दिल्ली की जूनून टीम प्रथम रही। भक्ति ग्रुप सांग में जीबीएम की टीम जीती। पाइट की टीम दूसरे स्थान पर रही। स्टैंड अप कामेडी और मिमिक्री में पंडित नेकी राम कालेज से गौरव जीते। ग्रुप डांस में पाइट की स्पर्धा टीम विजेता रही। रामजस कालेज की टीम ने अपनी ऊर्जावान प्रस्तुति से दूसरा स्थान हासिल किया।

साहित्य, संगीत और नृत्य का अद्भुत संगम : पाइट के सचिव सुरेश तायल ने कहा कि पाइट में साहित्य, संगीत और नृत्य का अद्भुत संगम हुआ। समारोह का शुभारंभ एचपीजेसीएल के निदेशक अमित टिलबागी ने किया। उनके साथ फैशन आइकन गौरव जे गुप्ता व कमांडेंट सीआइएसएफ मनोज कुमार विशेष अतिथि रहे। बोर्ड सदस्य राजीव तायल, शुभम तायल, निदेशक डा. शक्ति कुमार, डीन डा. जेएस सैनी, डीन डा. बीबी शर्मा, डा. विनय खुज्रो ने भी विजेताओं को पुरस्कृत किया।

****

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

DAINIK BHASKAR 10/03/2025

दैनिक भास्कर पानीपत भास्कर 10-03-2025

पाइट में 4 दिवसीय नेशनल मेस्ट्रोज उत्सव का स्टार नाइट के साथ समापन

सिंगर शलमली खोलगड़े के गाने बलम पिचकारी पर झूम उठे युवा



समालखा. पाइट में नेशनल मेस्ट्रोज स्टार नाइट में शलमली खोलगड़े की प्रस्तुति।



पानीपत. पाइट में नेशनल मेस्ट्रोज स्टार नाइट में लोगों की भीड़।

भास्कर न्यूज | समालखा

पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी (पाइट) में नेशनल मेस्ट्रोज उत्सव का रविवार को अंतिम दिन रहा। इस दिन बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर शलमली खोलगड़े की प्रस्तुती रही। उनके गीतों पर पानीपत झूम उठा। जब उन्होंने गीत गाया, बलम पिचकारी तो माहौल में गुलाल उड़ उठे। सभी युवा उनके साथ नाचे। इसके साथ ही मशहूर गायक दानिश अल्फाज ने भी युवाओं को अपने गीतों पर नचाया। शलमली खोलगड़े की स्टार नाइट के बाद हजारों लोगों ने चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मैच भी लाइव देखा।

चार दिवसीय मेस्ट्रोज उत्सव का समापन हो गया। देशभर के प्रसिद्ध कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने मंच पर प्रस्तुति दी। शलमली खोलगड़े ने दारू देसी, लत लग गई, मैं परेशां जैसे गीतों पर युवाओं को अपने साथ नचाया। उनके डांस बैंड ने समां बांध दिया। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि फैशन शो में शहीद भगत सिंह कॉलेज विजेता रहा। नुक्कड़ नाटक में दयाल सिंह कॉलेज दिल्ली जूनून टीम प्रथम रही। भक्ति ग्रुप सॉन्ग में जीवीएम की टीम जीती। स्टैंडअप कॉमेडी मिमिक्री में पंडित नेकी राम कॉलेज से गौरव जीते। ग्रुप डांस में पाइट की टीम विजेता रही।

साहित्य, संगीत और नृत्य का दिखा संगम

पाइट के सचिव सुरेश तायल ने कहा कि पाइट में साहित्य, संगीत और नृत्य का अद्भुत संगम हुआ। यहां पर प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। आगे चलकर इन्हीं में से कोई न कोई स्टार बनेगा।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

DAINIK BHASKAR 09/03/2025

दैनिक भास्कर पानीपत भास्कर 09-03-2025

पाइट में मेस्ट्रोज उत्सव की धूम, तन्ने सूं प्यारी, तू प्यारा मेरा... पर झूमे छात्र

भास्कर न्यूज | कमालिया

पाइट कॉलेज में आयोजित मेस्ट्रोज उत्सव के दूसरे दिन शनिवार को मशहूर हरियाणवी गायिका शिवा चौधरी ने समा बांधा। गायक शिवा चौधरी ने नांगड़ा के ब्याह दी, सोने की तागड़, पंजे नीचे सवा लाख जैसे अलग-अलग गानों पर प्रस्तुति दी। गीत दर गीत सभी लोग शिवा चौधरी के साथ झूमते गए। आज बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर शलमली खोल गड़े की स्टार नाइट होगी। मशहूर गायक दानिश अल्फाज भी हजारों युवाओं को अपने गीतों के साथ बांधेंगे।

पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि गीतों की शाम से पूर्व मेस्ट्रोज में विभिन्न प्रतिस्पर्धाएं हुईं। दिल्ली यूनिवर्सिटी, आइपी यूनिवर्सिटी, डीक्रस्ट यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी एवं हरियाणा के विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, डीन डॉ. बीबी शर्मा, एप्लाइड साइंड एवं ह्यूमैनिटी विभाग की अध्यक्ष डॉ.विनय खत्री ने विजेताओं को सम्मानित किया।

आज स्टार नाइट में शलमली खोलगड़े देंगी प्रस्तुति



पाइट कॉलेज में आयोजित मेस्ट्रोज उत्सव में पहुंची गायक शिवा चौधरी।

ये रहे परिणाम: एकल गायन में जीवीएम की कृति प्रथम, पाइट की इशिका द्वितीय और नेकीराम कॉलेज के गौरव तीसरे स्थान पर रहे। युगल गायन में पाइट के गर्व और जीवीएम की वंशिका प्रथम रहीं। पोएट्री में एमडीयू से कीर्ति प्रथम, जेवीएम कॉलेज से काजल द्वितीय और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी से जगमीत तीसरे स्थान पर रहे। बैटल ऑफ बैंड में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी का रॉग बैंड विजेता रहा। पाइट का बैंड दूसरे स्थान पर रहा। ग्रुप डांस में स्पर्धा टीम जीती। रामजस कॉलेज दूसरे स्थान पर रहा। फॉक डांस में एसडी कॉलेज के सागर और अक्षित प्रथम रहे। डीक्रस्ट मुरथल के देवेंद्र और श्रुति दूसरे स्थान पर रहे। एकल डांस में एसडी कॉलेज के सागर प्रथम, आइबी कॉलेज के अक्षित द्वितीय व पाइट की अक्षिता तीसरे स्थान पर रहीं। मोनो एक्ट में रोहतक के वैश्य कॉलेज के लक्ष्य प्रथम व ऑल इंडिया जाट कॉलेज रोहतक के सोनू दूसरे स्थान पर रहे।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

DAINIK JAGRAN 10/03/2025

मैं तन्ने सूं प्यारी, तू प्यारा मेरा... पर झूमे विद्यार्थी

जागरण संवाददाता • समालखा : पाइट में नेशनल मेस्ट्रोज उत्सव में हरियाणवी गायिका शिवा चौधरी के गीत, मैं तन्ने सूं प्यारी, तू प्यारा मेरा, पर युवा नाच उठे। नंगड़ा के ब्याह दी, सोने की तागड़, पंजे नीचे सवा लाख जैसे उत्सवी गानों ने महफिल को खुशनुमा बना दिया। नौ मार्च को बालीवुड प्लेबैक सिंगर शलमली खोलगड़े की स्टार नाइट होगी।

पानीपत के एसडीएम ब्रह्म प्रकाश ने मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम की शुरुआत की। वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि गीतों की शाम से पूर्व मेस्ट्रोज में विभिन्न प्रतिस्पधाएं हुईं। दिल्ली, आइपी, डीक्रस्ट और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी सहित हरियाणा के विभिन्न कालेजों के छात्र-छात्राओं ने इसमें भाग लिया। चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, डीन डा. बीबी शर्मा व डा. विनय खत्री ने विजेताओं को सम्मानित किया।



पाइट के मेस्ट्रोज उत्सव में नाचते कलाकार। • संस्था

ये रहा परिणाम: एकल गायन में जीवीएम की कृति प्रथम, पाइट की इशिका द्वितीय और नेकीराम कालेज के गौरव तीसरे स्थान पर रहे। युगल गायन में पाइट के गर्व और जीवीएम की वंशिका प्रथम रहीं। कविता में एमडीयू से कीर्ति प्रथम, जेवीएम से काजल द्वितीय और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी से जगमीत तीसरे स्थान पर रहे। बैटल आफ बैंड में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी का रॉग बैंड विजेता रहा। पाइट का बैंड दूसरे स्थान पर रहा। ग्रुप डांस में स्पर्धा की टीम जीती तो रामजस कालेज दूसरे स्थान पर रहा। फाक डांस में एसडी कालेज के सागर और अक्षित प्रथम रहे। डीक्रस्ट मुरथल के देवेंद्र और श्रुति दूसरे स्थान पर रहे। एकल डांस में एसडी कालेज के सागर प्रथम, आइबी कालेज के अक्षित द्वितीय व पाइट की अक्षिता तीसरे स्थान पर रहीं। मोनो एक्ट में रोहतक के जैरथ कालेज के लक्ष्य प्रथम व आल इंडिया जाट कालेज रोहतक के सोनू दूसरे स्थान पर रहे।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

HARI BHOOMI 09/03/2025

पाइट में नेशनल मेस्ट्रोज उत्सव की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

मशहूर हरियाणवी गायिका शिवा चौधरी ने जब गीत गाया मैं तन्ने सूं प्यारी, तू प्यारा मेरा, उनके साथ हजारों युवा नाच उठे। मैं तेरी गिरी, तू छुआरा मेरा...की आगे की लाइनें युवाओं ने पूरी कीं। जी तो मेरा इसा करे, हाय जनू काच्चे ने खा लू तन्ने। गीत दर गीत सभी निशा चौधरी के साथ झूमते गए।

नंगड़ा के ब्याह दी, सोने की तागड़, पंजे नीचे सवा लाख जैसे उत्सवी गानों ने शाम को और मधुर बना दिया। अवसर था पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में नेशनल मेस्ट्रोज उत्सव का। समारोह में पानीपत के एसडीएम ब्रह्म प्रकाश मुख्य अतिथि रहे। कार्यकम्र में पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि गीतों की शाम से पूर्व मेस्ट्रोज में विभिन्न प्रतिस्पधाएं हुई।



समालखा। पाइट में नेशनल मेस्ट्रोज उत्सव में नृत्य करते कलाकार।

ये रहे परिणाम

एकल गायन में जीवीएम की कृति प्रथम, पाइट की इशिका द्वितीय और नेकीराम कॉलेज के गौरव तीसरे, युगल गायन में पाइट के गर्व और जीवीएम की वंशिका प्रथम, पोएट्री में एमडीयू से कीर्ति प्रथम, जेवीएम कॉलेज से काजल द्वितीय और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी से जगमीत तीसरे, बैटल ऑफ बैंड में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी का रॉग बैंड विजेता रहे।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

OTHER 06/03/2025

साक्षी मलिक ने वार्षिक एथलैटिक मीट का शुभारंभ किया, विजेताओं को पहनाया मैडल



पाइट कॉलेज में ओलिम्पिक मैडलिस्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए। (राकेश)



छात्राएं लॉंग जंप में भाग लेते हुए। (राकेश)

समालखा, 5 मार्च (राकेश) : ओलिम्पिक में कांस्य पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि हमें स्कूल टाइम से ही खेलों में भाग लेना चाहिए। अपनी दिनचर्या में सभी को कोई न कोई खेल खेलना चाहिए। आप सुबह सैर पर जाएं, शारीरिक अभ्यास करें, किसी स्पोर्ट्स में भाग लें। इससे आप शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। कहते हैं कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है।

साक्षी यहां पानीपत इंस्टीच्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी में



छात्रों को सम्मानित करते हुए। (राकेश)

2 दिवसीय 19वें वार्षिक एथलीट मीट के शुभारंभ पर बतौर मुख्यातिथि पहुंची थीं। उनके साथ अर्जुन अवार्डी उनके पति सत्यव्रत कादियान भी मौजूद रहे। साक्षी ने खेल उत्सव में भाग ले रहे खिलाड़ियों से कहा कि ओलिम्पिक में 59 प्रतिशत मैडल हरियाणवी लेकर आते हैं। हमें इस परंपरा को आगे बढ़ाए रखना है।

पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि खेल हमें जिंदगी में आगे बढ़ना सिखाते हैं। हार और जीत मायने नहीं रखती। एक बार जिस रास्ते पर चल पड़ें, मंजिल पर पहुंचकर ही रुकें। खेलों में करियर की अपार संभावनाएं हैं। हमारे खिलाड़ी देश का नाम रोशन कर रहे हैं। खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया। इस अवसर पर सचिव सुरेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ. शक्ति कुमार, पाइट एन.एफ.एल. स्कूल से प्रिं. रेखा बजाज, स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. बजरंग राणा ने भी खिलाड़ियों को प्रेरित किया। डीन डॉ. बीबी शर्मा ने मंच संचालन किया।

400 मीटर गर्ल्स दौड़ में बी.टैक ए.आई.डी.एस. से महिमा विजेता रही। बी.सी.ए. की पायल द्वितीय एवं बी.कॉम. की शिवानी तीसरे स्थान पर रही। 800 मीटर लड़कों की दौड़ में सिविल से निशांत विजेता रहे।

फार्मेसी से जतिन द्वितीय और बीटेक के राहुल तीसरे स्थान पर रहे। बुआना लाखू के दिव्यांग जूडो खिलाड़ी रोहित को साक्षी मलिक ने 5000 रुपए देकर सम्मानित किया।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

OTHER 06/03/2025

पाइट में साक्षी मलिक ने वार्षिक एथलैटिक मीट का शुभारम्भ किया, विजेताओं को पहनाया मैडल

समालखा, 5 मार्च (अशोक चुघ): ओलिंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि हमें स्कूल टाइम से ही खेलों में भाग लेना चाहिए। अपनी दिनचर्या में सभी को कोई न कोई खेल खेलना चाहिए। आप सुबह सैर पर जाएं, शारीरिक अभ्यास करें, किसी स्पोर्ट्स में भाग लें। इससे आप शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। कहते हैं कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। साक्षी मलिक यहां पाइट में दो दिवसीय 19वें वार्षिक एथलीट मीट के शुभारंभ पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंची थीं। उनके साथ अर्जुन अवार्डी उनके पति सत्यव्रत कादियान भी मौजूद रहे।

साक्षी मलिक ने खेल उत्सव में भाग ले रहे खिलाड़ियों से कहा कि ओलिंपिक में पचास प्रतिशत मेडल हरियाणवी लेकर आते हैं। हमें इस परंपरा को आगे बढ़ाए रखना है। यह काम युवा ही कर सकते हैं। उन्होंने खुद स्कूल टाइम में खेल प्रतियोगिता में भाग लेना शुरू कर दिया था। जिन बच्चों को खेलों में ही अपना करिअर बनाना है, उन्हें शुरू से ही अपने खेल पर फोकस करना चाहिए। अपने खान-पान पर ध्यान दें। अभ्यास करना न छोड़ें और अनुशासन में रहें। एथलीट मीट के शुभारंभ पर साक्षी मलिक ने मशाल जलाई। खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया। इस अवसर पर सचिव सुरेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.शक्ति कुमार, पाइट एनएफएल स्कूल से प्रिंसिपल रेखा बजाज, स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ.बजरंग राणा ने भी खिलाड़ियों को प्रेरित किया। डीन डॉ.बीबी शर्मा ने मंच संचालन किया।



विजेताओं को सम्मानित करतीं साक्षी मलिक।

ये जीते : 400 मीटर गर्ल्ज दौड़ में बीटेक एआइडीएस से महिमा विजेता रहीं। बीसीए की पायल द्वितीय एवं बीकॉम की शिवानी तीसरे स्थान पर रहीं। 800 मीटर लड़कों की दौड़ में सिविल से निशांत विजेता रहे। फार्मेसी से जतिन द्वितीय और बीटेक के राहुल तीसरे स्थान पर रहे। बुआना लाखू के दिव्यांग जूडो खिलाड़ी रोहित को साक्षी मलिक ने पांच हजार रुपये देकर सम्मानित किया।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

SACH KAHOON 06/03/2025

epaper.sachkahoon.com
06 Mar 2025 - Page 11

पाइट में साक्षी मलिक ने वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ किया, विजेताओं को पहनाया मेडल

- ओलिंपिक मेडलिस्ट साक्षी मलिक ने कहा, अपनी दिनचर्या में खेलों को शामिल करें



समालखा (सच कहूँ न्यूज)। ओलिंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि हमें स्कूल टाइम से ही खेलों में भाग लेना चाहिए। अपनी दिनचर्या में सभी को कोई न कोई खेल खेलना चाहिए। आप सुबह सैर पर जाएं, शारीरिक अभ्यास करें, किसी स्पोर्ट्स में भाग लें। इससे आप शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। कहते हैं कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। साक्षी मलिक यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी में दो दिवसीय 19वें वार्षिक एथलीट मीट के शुभारंभ पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंची थीं। उनके साथ अर्जुन अवार्डी उनके पति सत्यव्रत कादियान भी मौजूद रहे।

साक्षी मलिक ने खेल उत्सव में भाग ले रहे खिलाड़ियों से कहा कि ओलिंपिक में पचास प्रतिशत मेडल हरियाणवी लेकर आते हैं। हमें इस परंपरा को आगे बढ़ाए रखना है। यह काम युवा ही कर सकते हैं। उन्होंने खुद स्कूल टाइम में खेल प्रतियोगिता में भाग लेना शुरू कर दिया था। जिन बच्चों को खेलों में ही अपना करिअर बनाना है, उन्हें शुरू से ही अपने खेल पर फोकस करना चाहिए। अपने खान-पान पर ध्यान दें। अभ्यास करना न छोड़ें। अनुशासन में रहें। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि खेल हमें जिंदगी में आगे बढ़ना सिखाते हैं। हार और जीत मायने नहीं रखती, मायने रखता है आपका हौसला। एक बार जिस रास्ते पर चल पड़ें, मंजिल पर पहुंचकर ही रूकें। खेलों में करिअर की अपार संभावनाएं हैं। हमारे खिलाड़ी देश का नाम रोशन कर रहे हैं। एथलीट मीट के शुभारंभ पर साक्षी मलिक ने मशाल जलाई। खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया। इस अवसर पर सचिव सुरेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.शक्ति कुमार, पाइट एनएफल स्कूल से प्रिंसिपल रेखा बजाज, स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ.बजरंग राणा ने भी खिलाड़ियों को प्रेरित किया। डीन डॉ.बीबी शर्मा ने मंच संचालन किया।

400 मीटर गर्ल्स दौड़ में बीटेक एआइडीएस से महिमा विजेता रहीं। बीसीए की पायल द्वितीय एवं बीकॉम की शिवानी तीसरे स्थान पर रहीं। 800 मीटर लड़कों की दौड़ में सिविल से निशांत विजेता रहे। फार्मेसी से जतिन द्वितीय और बीटेक के राहुल तीसरे स्थान पर रहे। बुआना लाखू के दिव्यांग जूडो खिलाड़ी रोहित को साक्षी मलिक ने पांच हजार रुपये देकर सम्मानित किया।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

OTHER 06/03/2025

पाइट में साक्षी मलिक ने वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ किया, विजेताओं को पहनाया मेडल

अपनी दिनचर्या में खेलों को शामिल करें -ओलिंपिक मेडलिस्ट साक्षी मलिक

ओपन सर्च/ मनदीप कुमार







समालखा। ओलिंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि हमें स्कूल टाइम से ही खेलों में भाग लेना चाहिए। अपनी दिनचर्या में सभी को कोई न कोई खेल खेलना चाहिए। आप सुबह सैर पर जाएं, शारीरिक अभ्यास करें, किसी स्पोर्ट्स में भाग लें। इससे आप शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। कहते हैं कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। साक्षी मलिक यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में दो दिवसीय 19वें वार्षिक एथलेटिक मीट के शुभारंभ पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंची थीं। उनके साथ अर्जुन अवार्डी उनके पति सत्यव्रत कादियान भी मौजूद रहे।

साक्षी मलिक ने खेल उत्सव में भाग ले रहे खिलाड़ियों से कहा कि ओलिंपिक में पंचम प्रतिशत मेडल हरियाणवी लेकर आते हैं। हमें इस परंपरा को आगे बढ़ाए रखना है। यह काम युवा ही कर सकते हैं। उन्होंने खुद स्कूल टाइम में खेल प्रतियोगिता में भाग लेना शुरू कर दिया था। जिन बच्चों को खेलों में ही अपना करिअर बनाना है, उन्हें शुरू से ही अपने खेल पर फोकस करना चाहिए। अपने खान-पान पर ध्यान दें। अभ्यास करना न छोड़ें। अनुशासन में रहें। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि खेल हमें जिंदगी में आगे बढ़ना सिखाते हैं। हार और जीत मायने नहीं रखती, मायने रखता है आपका हौसला। एक बार जिस रास्ते पर चल पड़ें, मंजिल पर पहुंचकर ही रूकें। खेलों में करिअर की अपार संभावनाएं हैं। हमारे खिलाड़ी देश का नाम रोशन कर रहे हैं। एथलेटिक मीट के शुभारंभ पर साक्षी मलिक ने मशाल जलाई। खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया। इस अवसर पर सचिव सुरेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.शक्ति कुमार, पाइट एनएफएल स्कूल से प्रिंसिपल रेखा बजाज, स्पोर्ट्स ऑफि□सर डॉ.भजरंग राणा ने भी खिलाड़ियों को प्रेरित किया। डीन डॉ.बॉबी शर्मा ने मंच संचालन किया।

ये जीते:- 400 मीटर गर्ल्स दौड़ में बीटेक एआइडीएस से महिमा विजेता रहीं। बीसीए की पायल द्वितीय एवं बीकॉम की शिवानी तीसरे स्थान पर रहीं। 800 मीटर लड़कों की दौड़ में मिथिल में निशांत विजेता रहे। फार्मेसी से जतिन द्वितीय और बीटेक के राहुल तीसरे स्थान पर रहे। बुआना तायू के दिव्यांग जूडो खिलाड़ी रोहित को साक्षी मलिक ने पांच हजार रुपये देकर सम्मानित किया।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

DAINIK JAGRAN 06/03/2025

www.Jagran.com

संक्षिप्त समाचार

साइबर अपराधियों से बचने के लिए सतर्कता जरूरी: विनोद



साइबर अपराध पर आयोजित सेमिनार में भाग लेते स्कूलों के प्रधानाचार्य। ● संस्था

जासं ● समालखा : जागरूक रहकर ही साइबर अपराधियों के चंगुल में आने से बचा जा सकता है। नीति आयोग के निदेशक विनोद काक ड़े ने पानीपत इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में साइबर सिक्योरिटी विभाग की ओर से आयोजित प्रदेश स्तरीय साइबर जागरूकता शिविर में कही। पाइट के निदेशक डा. शक्ति कुमार ने साइबर अपराध और साइबर सिक्योरिटी पर रिसर्च आधारित रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर साइबर सिक्योरिटी विभाग की अध्यक्ष डा. शक्ति अरोड़ा, चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल व डीन डा. जेएस सैनी मौजूद रहे।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

AAJ SAMAJ 06/03/2025

04 आज समाज
पानीपत, गुरुवार, 06 मार्च 2025

पाइट में वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ, विजेताओं को पहनाया मेडल

पानीपत/समालखा। ओलिंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि हमें स्कूल टाइम से ही खेलों में भाग लेना चाहिए। अपनी दिनचर्या में सभी को कोई न कोई खेल खेलना चाहिए। आप सुबह सैर पर जाएं, शारीरिक अभ्यास करें, किसी स्पोर्ट्स में भाग लें।

इससे आप शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। कहते हैं कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। साक्षी मलिक यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी में दो दिवसीय 19वें वार्षिक एथलीट मीट के शुभारंभ पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंची थीं। उनके साथ अर्जुन अवार्डी उनके पति सत्यव्रत कादियान भी मौजूद रहे।

साक्षी मलिक ने खेल उत्सव में भाग ले रहे खिलाड़ियों से कहा कि ओलिंपिक में 50 प्रतिशत मेडल



हरियाणवी लेकर आते हैं। हमें इस परंपरा को आगे बढ़ाए रखना है। यह काम युवा ही कर सकते हैं। उन्होंने खुद स्कूल टाइम में खेल प्रतियोगिता में भाग लेना शुरू कर दिया था।

जिन बच्चों को खेलों में ही अपना करिअर बनाना है, उन्हें शुरू से ही अपने खेल पर फोकस करना चाहिए। अपने खान-पान पर ध्यान दें। अभ्यास करना न छोड़ें। अनुशासन में रहें।

पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि खेल हमें जिंदगी में आगे बढ़ना सिखाते हैं। हार और जीत मायने नहीं रखती, मायने रखता है आपका हौसला। एक बार जिस रास्ते पर चल पड़ें, मंजिल पर पहुंचकर ही रूकें। खेलों में करिअर की अपार संभावनाएं हैं। हमारे खिलाड़ी देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

एथलीट मीट के शुभारंभ पर साक्षी मलिक ने मशाल जलाई। खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया। इस अवसर पर सचिव सुरेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.शक्ति कुमार, पाइट एनएफल स्कूल से प्रिंसिपल रेखा बजाज, स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ.बजरंग राणा ने भी खिलाड़ियों को प्रेरित किया। डीन डॉ.बीबी शर्मा ने मंच संचालन किया।

ये रहे विजेता : 400 मीटर गर्ल्स दौड़ में बीटेक एआइडीएस से महिमा विजेता रहीं। बीसीए की पायल द्वितीय एवं बीकॉम की शिवानी तीसरे स्थान पर रहीं।

800 मीटर लड़कों की दौड़ में सिविल से निशांत विजेता रहे। फार्मेसी से जतिन द्वितीय और बीटेक के राहुल तीसरे स्थान पर रहे। बुआना लाखू के दिव्यांग जूडो खिलाड़ी रोहित को साक्षी मलिक ने पांच हजार रुपये देकर सम्मानित किया।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

OTHER 06/03/2025

कार्यक्रम

पाइट में पहुंचीं ओलिंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान, एथलेटिक्स मीट का किया शुभारंभ

मेडल लाने की परंपरा आगे बढ़ाएं युवा : साक्षी मलिक

संवाद न्यूज एजेंसी

समालखा। ओलिंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान साक्षी मलिक बुधवार को पाइट कॉलेज में पहुंचीं। वे दो दिवसीय 19 वें वार्षिक एथलीट मीट के शुभारंभ पर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित थीं।

उनके साथ अर्जुन अवार्डी उनके पति सत्यव्रत कादियान भी मौजूद रहे। साक्षी मलिक ने कहा कि ओलिंपिक में 50 प्रतिशत मेडल हरियाणवी लेकर आते हैं। हमें इस परंपरा को आगे बढ़ाए रखना है।

उन्होंने कहा कि यह काम युवा ही कर सकते हैं। उन्होंने खुद स्कूल से ही खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेना शुरू कर दिया था। जिन बच्चों को खेलों में ही अपना कॅरिअर बनाना है, उन्हें शुरू से ही अपने खेल पर फोकस करना चाहिए।

अपने खान-पान पर ध्यान दें। अभ्यास करना न छोड़ें। अनुशासन में रहें। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि खेल हमें जिंदगी में आगे बढ़ना सिखाते हैं। तायल ने युवाओं को प्रेरित किया और कहा कि हार और जीत मायने नहीं रखती, मायने रखता है आपका हौसला। खेलों में कॅरिअर की अपार संभावनाएं हैं। हमारे खिलाड़ी देश का नाम रोशन कर रहे हैं।



पाइट कॉलेज में पहुंचीं पहलवान साक्षी मलिक। संवाद

साक्षी मलिक ने मशाल जलाकर एथलीट मीट का शुभारंभ किया। खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया। इस अवसर पर सचिव सुरेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ. शक्ति कुमार, पाइट एनएफएल स्कूल से प्रिंसिपल रेखा बजाज, स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. बजरंग राणा ने भी खिलाड़ियों को प्रेरित किया। डीन डॉ. बीबी शर्मा ने मंच संचालन किया।

ये रहे खेलों के परिणाम : 400 मीटर गर्ल्स दौड़ में बीटेक एआइडीएस से महिमा विजेता रहीं। बीसीए की पायल द्वितीय और बीकॉम की शिवानी तृतीय रहीं। 800 मीटर लड़कों की दौड़ में सिविल से निशांत विजेता रहे।

फार्मेसी से जतिन द्वितीय और बीटेक के राहुल तीसरे स्थान पर रहे। बुआना लाखू के दिव्यांग जूडो खिलाड़ी रोहित को साक्षी मलिक ने पांच हजार रुपये देकर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने की बात कही।

महिला पहलवानों की सुरक्षा तक रहेगी जंग जारी : साक्षी

समालखा। ओलंपिक मेडलिस्ट साक्षी मलिक ने कहा कि फेडरेशन के खिलाफ उनकी लड़ाई महिला पहलवानों के लिए रेसलिंग पूरी तरह से सुरक्षित होने तक जारी रहेगी। पहलवान साक्षी मलिक ने बुधवार को समालखा स्थित पाइट कॉलेज में पहुंची थी। साक्षी मलिक ने कहा कि राजनीति में जाना विनेश फोगाट की अपनी इच्छा थी लेकिन बहन बेटियों के यौन शोषण को लेकर फेडरेशन के खिलाफ लड़ाई में वह उनके साथ है। उन्होंने कहा कि वह रेसलिंग छोड़ चुकी है लेकिन उनका लक्ष्य स्पोर्ट्स को आगे बढ़ाने का है। साक्षी मलिक ने कहा कि अपने 20 साल के रेसलिंग कॅरिअर में उन्होंने जो कमियां देखी और जिन असुविधाओं से वह निकल कर आई हैं, वो कमी व असुविधा बच्चों को न देखनी पड़े। वह चाहती है कि दूसरी खिलाड़ियों को वह परेशानी न हों। संवाद

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

OTHER 06/03/2025

हमें स्कूल टाइम से ही खेलों में भाग लेना चाहिए: साक्षी मलिक



टीम एक्शन इंडिया

समालखा: ओलिंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि हमें स्कूल टाइम से ही खेलों में भाग लेना चाहिए। अपनी दिनचर्या में सभी को कोई न कोई खेल खेलना चाहिए। आप सुबह सैर पर जाएं, शारीरिक अभ्यास करें, किसी स्पोर्ट्स में भाग लें। इससे आप शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। कहते हैं कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। साक्षी मलिक यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी में दो दिवसीय 19वें वार्षिक एथलीट मीट के शुभारंभ पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंची थीं। उनके साथ अर्जुन अवार्डी उनके पति सत्यव्रत कादियान भी मौजूद रहे। साक्षी मलिक ने खेल उत्सव में भाग ले रहे खिलाड़ियों से कहा कि ओलिंपिक में पचास प्रतिशत मेडल हरियाणवी लेकर आते हैं। हमें इस परंपरा को आगे बढ़ाए रखना है। यह काम युवा ही कर सकते हैं। उन्होंने खुद स्कूल टाइम में खेल प्रतियोगिता में भाग लेना शुरू कर दिया था। जिन बच्चों को खेलों में ही अपना करिअर बनाना है, उन्हें शुरू से ही अपने खेल पर फोकस करना चाहिए।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

DAINIK BHASKAR 06/03/2025

दैनिक भास्कर पानीपत भास्कर 06-03-2025

सिटी स्पोर्ट्स

पाइट में 19वीं एथलेटिक मीट का शुभारंभ

ओलिंपिक में 50% मेडल हरियाणा में आते हैं, इसी परंपरा को आगे बढ़ाना है: साक्षी मलिक

भास्कर न्यूज | समालखा

पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी (पाइट) में दो दिवसीय 19वीं वार्षिक एथलीट मीट का बुधवार को ओलिंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने शुभारंभ किया। उनके साथ अर्जुन अवॉर्डी सत्यव्रत कादियान भी मौजूद रहे।

महिला पहलवान ने कहा कि ओलंपिक में 50 प्रतिशत मेडल हरियाणवी लेकर आते हैं। हमें इस परंपरा को आगे बढ़ाना है। यह कम युवा ही कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अभ्यास करना न छोड़ें। अनुशासन में रहें। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि खेल हमें जिंदगी में आगे बढ़ना सिखाते हैं। हार और जीत मायने नहीं रखती, मायने रखता है आपका हौसला। एथलीट मीट के शुभारंभ पर साक्षी मलिक ने मशाल जलाई। खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया। इस अवसर पर सचिव सुरेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ. शक्ति कुमार, पाइट एनएफएल स्कूल से प्रिंसिपल रेखा बजाज, स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. बजरंग राणा और डीन डॉ. बीबी शर्मा मौजूद रहे।



समालखा. मशाल जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करती साक्षी मलिक।

पहले दिन के परिणाम : 400 मीटर गर्ल्स दौड़ में बीटेक एआइडीएस से महिमा विजेता रहीं। बीसीए की पायल द्वितीय एवं बीकॉम की शिवानी तीसरे स्थान पर रहीं। 800 मीटर लड़कों की दौड़ में सिविल से निशांत विजेता रहे। फार्मेसी से जतिन द्वितीय और बीटेक के राहुल तीसरे स्थान पर रहे। बुआना लाखू के दिव्यांग जूडो खिलाड़ी रोहित को साक्षी मलिक ने पांच हजार रुपए देकर सम्मानित किया।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

DAINIK JAGRAN 06/03/2025

स्कूल समय से ही खेल को दिनचर्या में करें शामिल : साक्षी

- पाइट में दो दिवसीय वार्षिक एथलीट मीट का शुभारंभ
- बुआना लाखू के दिव्यांग जूडो खिलाड़ी का सम्मान

जागरण संवाददाता • समालखा: ओलिंपिक की पहली भारतीय महिला पहलवान और कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक ने कहा कि हमें अपनी दिनचर्या में खेलों को शामिल करना चाहिए। स्कूली शिक्षा के समय से खेलों में भाग लेना शुरू कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। साक्षी मलिक पानीपत इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में दो दिवसीय वार्षिक एथलीट मीट के शुभारंभ पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। उनके साथ अर्जुन अवार्डी उनके पति सत्यव्रत कादियान भी मौजूद थे।



मशाल जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करती साक्षी मलिक। • संस्था

साक्षी मलिक ने खिलाड़ियों से कहा कि ओलिंपिक में पचास प्रतिशत मेडल हरियाणवी खिलाड़ी लेकर आते हैं। हमें इस सिलसिला को बरकरार रखना है। वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि खेल हमें जिंदगी में आगे बढ़ना सिखाता हैं। हार और जीत खेल का हिस्सा है। इस अवसर पर सचिव सुरेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डा. शक्ति कुमार, प्रिंसिपल रेखा बजाज, स्पोर्ट्स आफिसर डा. बजरंग राणा ने भी खिलाड़ियों को प्रेरित किया। डीन डा. बीबी शर्मा ने मंच संचालन किया।

ये रहे खेल के विजेता

400 मीटर दौड़ में बीटेक एआइडीएस से महिमा विजेता रहीं। बीसीए की पायल द्वितीय एवं बीकाम की शिवानी तीसरे स्थान पर रहीं। 800 मीटर दौड़ में सिविल इंजीनियरिंग से निशांत विजेता रहे। फार्मेसी से जतिन द्वितीय और बीटेक के राहुल तीसरे स्थान पर रहे। बुआना लाखू के दिव्यांग जूडो खिलाड़ी रोहित को साक्षी मलिक ने पांच हजार रुपये देकर सम्मानित किया।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

DAINIK JAGRAN 05/03/2025

www.Jagran.com

संक्षिप्त समाचार

साइबर अपराधियों से बचने के लिए सतर्कता जरूरी : विनोद



साइबर अपराध पर आयोजित सेमिनार में भाग लेते स्कूलों के प्रधानाचार्य। ● संस्था

जासं ● समालखा : जागरूक रहकर ही साइबर अपराधियों के चंगुल में आने से बचा जा सकता है। नीति आयोग के निदेशक विनोद काकड़े ने पानीपत इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में साइबर सिक्योरिटी विभाग की ओर से आयोजित प्रदेश स्तरीय साइबर जागरूकता शिविर में कही। पाइट के निदेशक डा. शक्ति कुमार ने साइबर अपराध और साइबर सिक्योरिटी पर रिसर्च आधारित रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर साइबर सिक्योरिटी विभाग की अध्यक्ष डा. शक्ति अरोड़ा, चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल व डीन डा. जेएस सैनी मौजूद रहे।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

OTHER 05/03/2025

पाइट में लगा साइबर जागरूकता कैंप, प्रदेश के 100 से अधिक स्कूलों के प्रिंसीपल पहुंचे



पाइट कॉलेज में निदेशक व अन्य सीनी आयोग के निदेशक को सम्मानित करते हुए। (राकेश)



कार्यक्रम में प्रिंसीपल भाग लेते हुए। (राकेश)

समालखा, 4 मार्च (राकेश): जागरूक रहकर ही साइबर अपराधियों से बचा जा सकता है। साइबर क्राइम के केस बढ़ रहे हैं। इसकी एक वजह है कि हम ठगों के जाल में फंस जाते हैं। ओ.टी.पी. तक अंजान को सांझा कर देते हैं। छोटी-छोटी सावधानियां बरतकर साइबर क्राइम को खत्म किया जा सकता है। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी में नीति आयोग का भी योगदान रहा है। साइबर अपराध को कैसे खत्म किया जाए, इसके बारे में नीतियां बनाई हैं और आगे भी काम चल रहा है। यह बात नीति आयोग के निदेशक विनोद काकड़े ने कहीं। काकड़े आज यहां पानीपत इंस्टीच्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में साइबर सिक्योरिटी विभाग की ओर से प्रदेश स्तरीय साइबर जागरूकता कैंप में पहुंचे जिसमें हरियाणा के 100 से अधिक स्कूलों के प्रिंसीपलों को जागरूक किया गया। निदेशक विनोद काकड़े ने कहा कि नीति आयोग भी साइबर अपराध को कम एवं खत्म करने के लिए प्रयासरत है।

स्कूलों के प्रिंसीपल के साथ जागरूकता कैंप लगाया गया है, ताकि वे आगे टीचर्स और बच्चों को सावधान करें। सी.बी.एस.ई. से करनाल के को-आर्डिनेटर नीरज लांबा ने कहा कि कोई भी बैंक आपसे ओ.टी.पी. नहीं मांगता। साइबर अपराधियों से बात न करें। जब हम बात करने लगते हैं तो उन्हें ठगी करने का अवसर मिल जाता है। पाइट के निदेशक डॉ.शक्ति कुमार ने बढ़ते साइबर अपराध और साइबर सिक्योरिटी पर रिसर्च आधारित रिपोर्ट प्रस्तुत की।

साइबर सिक्योरिटी विभाग की अध्यक्ष डॉ.शक्ति अरोड़ा ने कहा कि हमें समय-समय पर माय एक्टिविटी गूगल पर जाकर खुद की एक्टिविटी चेक करते रहना चाहिए। फोन एवं कंप्यूटर में एंटी वायरस सॉफ्टवेयर जरूर रखें। इसके अलावा निशुल्क मिलने वाले सॉफ्टवेयर डाउनलोड न करें क्योंकि ये सॉफ्टवेयर आपका पूरा डाटा चोरी कर सकते हैं। इस अवसर पर चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, डीन डॉ.जे.एस. सैनी भी मौजूद रहे।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

AAJ SAMAJ 05/03/2025

04 आज समाज
पानीपत, बुधवार, 05 मार्च, 2025

पाइट में साइबर जागरूकता कैंप, हरियाणा के 100 से अधिक स्कूलों के प्रिंसिपल पहुंचे

आज समाज नेटवर्क



पानीपत। जागरूक रहकर ही साइबर अपराधियों से बचा जा सकता है। साइबर क्राइम बढ़ रहे हैं। इसकी एक वजह है कि हम ठगों के जाल में फंस जाते हैं। ओटीपी तक अंजान को साझा कर देते हैं। छोटी-छोटी सावधानियां बरतकर साइबर क्राइम को खत्म किया जा सकता है। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी में नीति आयोग का भी योगदान रहा है। साइबर अपराध को कैसे खत्म किया जाए, इसके बारे में नीतियां बनाई हैं और आगे भी काम चल रहा है। यह बात नीति आयोग के निदेशक विनोद काकड़े ने कही। काकडे आज यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में साइबर सिक्योरिटी विभाग की ओर से प्रदेश स्तरीय साइबर जागरूकता कैंप में पहुंचे जिसमें हरियाणा के 100 से अधिक स्कूलों के प्रिंसिपलों को जागरूक किया गया। निदेशक विनोद काकड़े ने कहा कि नीति आयोग भी साइबर अपराध को कम एवं खत्म करने के लिए प्रयासरत है। स्कूलों के प्रिंसिपल के साथ जागरूकता कैंप लगाया गया है, ताकि वे आगे टीचर्स और बच्चों को सावधान करें। सीबीएसई से करनाल के कोऑर्डिनेटर नीरज लांबा ने कहा कि कोई भी बैंक आपसे ओटीपी नहीं मांगता। साइबर अपराधियों से बात न करें। जब हम बात करने लगते हैं तो उन्हें ठगी करने का अवसर मिल जाता है। पाइट के निदेशक डॉ.शक्ति कुमार ने बढ़ते साइबर अपराध और साइबर सिक्योरिटी पर रिसर्च आधारित रिपोर्ट प्रस्तुत की। साइबर सिक्योरिटी विभाग की अध्यक्ष डॉ.शक्ति अरोड़ा ने कहा कि हमें समय-समय पर भाग एक्टिविटी गूगल पर जाकर खुद की एक्टिविटी चेक करते रहना चाहिए। फोन एवं कंप्यूटर में एंटी वायरस सॉफ्टवेयर जरूर रखें। इसके अलावा निशुल्क मिलने वाले सॉफ्टवेयर डाउनलोड न करें। क्योंकि ये सॉफ्टवेयर आपका पूरा डाटा चोरी कर सकते हैं। इस अवसर पर चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, डीन डॉ.जेएस सैनी भी मौजूद रहे।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

DAINIK BHASKAR 05/03/2025

दैनिक भास्कर पानीपत भास्कर 05-03-2025

जागरूक रहकर साइबर अपराधियों से बच सकते हैं: विनोद काकड़े



समालखा | पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी (पाइट) में मंगलवार को साइबर क्राइम से बचाव के लिए जागरूक किया गया। नीति आयोग के निदेशक विनोद काकड़े ने कहा कि जागरूक रहकर ही साइबर अपराधियों से बचा जा सकता है। साइबर क्राइम बढ़ने के की सबसे मुख्य वजह है कि हम ठगों के जाल में फंस जाते हैं। साइबर जागरूकता कैंप में हरियाणा के सौ से अधिक स्कूलों के प्रिंसिपलों को जागरूक किया गया। निदेशक विनोद काकड़े ने कहा कि नीति आयोग भी साइबर अपराध को कम एवं खत्म करने के लिए प्रयासरत है। सीबीएसई से करनाल के कोआर्डिनेटर नीरज लांबा ने कहा कि कोई भी बैंक आपसे ओटीपी नहीं मांगता। साइबर अपराधियों से बात न करें। पाइट के निदेशक डॉ. शक्ति कुमार ने बढ़ते साइबर अपराध और साइबर सिक्योरिटी पर रिसर्च आधारित रिपोर्ट प्रस्तुत की। साइबर सिक्योरिटी विभाग की अध्यक्ष डॉ.शक्ति अरोड़ा ने कहा कि हमें समय-समय पर माय एक्टिविटी गूगल पर जाकर एक्टिविटी चेक करते रहना चाहिए।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

DAINIK SAVERA 05/03/2025

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

पाइट में आयोजित साइबर जागरूकता कैंप में पहुंचे 100 से अधिक प्रिंसीपल



मुख्यातिथि विनोद काकड़े को सम्मानित करते निदेशक डा. शक्ति कुमार।

सवेरा न्यूज/रतन लाल

समालखा, 4 मार्च : जागरूक रहकर ही साइबर अपराधियों से बचा जा सकता है। साइबर क्राइम बढ़ रहे हैं। इसकी एक वजह है कि हम ठगों के जाल में फंस जाते हैं। ओटीपी तक अंजान को साझा कर देते हैं। छोटी-छोटी सावधानियां बरतकर साइबर क्राइम को खत्म किया जा सकता है। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी में नीति आयोग का भी योगदान रहा है। साइबर अपराध को कैसे खत्म किया जाएए इसके बारे में नीतियां बनाई हैं और आगे भी काम चल रहा है। यह बात नीति आयोग के निदेशक विनोद काकड़े ने कही। वह यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में साइबर सिक्योरिटी विभाग की ओर से प्रदेश स्तरीय साइबर जागरूकता कैंप में पहुंचे थे। कैंप में हरियाणा के सौ से अधिक स्कूलों के प्रिंसिपलों को जागरूक किया गया। सीबीएसई से करनाल के कोर्डिनेटर नीरज लांबा ने कहा कि कोई भी बैंक आपसे ओटीपी नहीं मांगता। साइबर अपराधियों से बात न करें। पाइट के निदेशक डॉ.शक्ति कुमार ने बढ़ते साइबर अपराध और साइबर सिक्योरिटी पर रिसर्च आधारित रिपोर्ट प्रस्तुत की। साइबर सिक्योरिटी विभाग की अध्यक्ष डॉ.शक्ति अरोड़ा ने कहा कि हमें समय.समय पर माय एक्टिविटी गूगल पर जाकर खुद की एक्टिविटी चेक करते रहना चाहिए। इस अवसर पर चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, डीन डॉ.जेएस सैनी भी मौजूद रहे।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

PUNJAB KESARI 04/03/2025

पंजाब केसरी
TUE,04 MARCH 2025
EDITION: PANIPAT KESARI, PAGE NO. 1

त्रिपाठी ने समावेशी कार्यस्थल का महत्व बताया

समालखा, 3 मार्च (राकेश): पानीपत इंस्टीच्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी (पाइट) के मैनेजमेंट स्टडीज विभाग ने एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन किया। इस वर्ष के सम्मेलन की थीम "समावेशी भविष्य का निर्माण" रही।

पैनल चर्चा में एयर इंडिया से चीफ एडवाइजर सुरेश दत्त त्रिपाठी, एस.आर.एफ. लि. से पंकज कौशिक, स्टेटक्राफ्ट से सी.एच.आर.ओ. स्निग्धा नौटियाल एव प्रो. सुरेश बेदी शामिल रहे। चर्चा का संचालन एवं अध्यक्षता प्रो. अखिलेश कुमार मिश्रा ने की। विविधता, समानता और समावेशन के महत्व, नेतृत्व संबंधी चुनौतियों और मानव संसाधन कार्यों में तकनीकी प्रगति के प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की गई।

सुरेश दत्त त्रिपाठी ने कहा कि समावेशी कार्यस्थल वह होता है, जहां पर सभी को समान अवसर मिलते हैं।



पाइट कॉलेज में चेयरमैन सम्मानित करते हुए। (राकेश)

कर्मचारी का सम्मान किया जाता है, जहां इस तरह का माहौल होता है, वहां पर रचनात्मकता बढ़ती है। उत्पादन क्षमता और स्किल में बढ़ोतरी होती है। इससे कंपनी की ग्रोथ होती है। नेतृत्व में बराबरी के अवसर और पारदर्शी व्यवस्था से सभी प्रसन्न रहते हैं।

प्रो. अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि एच.आर. कॉन्क्लेव के साथ ही स्टूडैंट लेड मीट का भी आयोजन हुआ। 15 से अधिक कॉलेजों के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पाइट के निदेशक प्रो. डॉ. शक्ति कुमार ने समावेशिता और विविधता के महत्व पर अपने विचार साझा किए। छात्र समन्वयक अंशिका और रघु राज को उनकी उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता और योजनाबद्ध आयोजन के लिए विशेष रूप से सराहा गया।

चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल एवं बोर्ड सदस्य शुभम तायल ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर डीन डॉ.जे.एस. सैनी, डीन डॉ.बीबी शर्मा, मंजू बाला, डॉ. नविता और डॉ. प्रीति गुगनानी मौजूद रहे।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

SACHKAHOON 04/03/2025

पाइट में समावेशी भविष्य का निर्माण पर कार्यक्रम आयोजित



समालखा (सच कहूँ न्यूज)। पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पाइट) के मैनेजमेंट स्टडीज विभाग ने एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन किया इस वर्ष के सम्मेलन की थीम "समावेशी भविष्य का निर्माण" रही। पैनल चर्चा में एयर इंडिया से चीफ एडवाइजर सुरेश दत्त त्रिपाठी, एसआरएफ लिमिटेड से पंकज कौशिक, स्टेटक्राफ्ट से सीएचआरओ स्निग्धा नौटियाल एव प्रो. सुरेश बेदी शामिल रहे। चर्चा का संचालन एवं अध्यक्षता प्रो. अखिलेश कुमार मिश्रा ने किया। विविधता, समानता और समावेशन के महत्व, नेतृत्व संबंधी चुनौतियों और मानव संसाधन कार्यों में तकनीकी प्रगति के प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की गई। सुरेश दत्त त्रिपाठी ने कहा कि समावेशी कार्यस्थल वह होता है, जहां पर सभी को समान अवसर मिलते हैं। प्रो. अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि एचआर कॉन्क्लेव के साथ ही स्टूडेंट लेड मीट का भी आयोजन हुआ। 15 से अधिक कॉलेजों के सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पाइट के निदेशक प्रो.(डॉ.) शक्ति कुमार ने समावेशिता और विविधता के महत्व पर अपने विचार साझा किए। छात्र समन्वयक अंशिका और रघु राज को उनकी उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता और योजनाबद्ध आयोजन के लिए विशेष रूप से सराहा गया। चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल एवं बोर्ड सदस्य शुभम तायल ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर डीन डॉ.जेएस सैनी, डीन डॉ.बीवी शर्मा, मंजू वाला, डॉ. नविता और डॉ. प्रीति गुगनानी भी मौजूद रहीं।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

OTHER 04/03/2025

विविधता, समावेशन के महत्व पर चर्चा



समालखा(वि)। पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पाइट) के मैनेजमेंट स्टडीज विभाग की ओर से एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन किया। इस वर्ष के सम्मेलन की थीम समावेशी भविष्य का निर्माण रही।

पैनल चर्चा में एयर इंडिया से चीफ एडवाइजर सुरेश दत्त त्रिपाठी ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। इसके अलावा एसआरएफ लिमिटेड से पंकज कौशिक, स्टेटक्राफ्ट से सीएचआरओ स्निग्धा नौटियाल एव प्रो. सुरेश बेदी भी वक्ता के रूप में शामिल रहे। इस अवसर पर विविधता, समानता और समावेशन के महत्व, नेतृत्व संबंधी चुनौतियों और मानव संसाधन कार्यों में तकनीकी प्रगति के प्रभावों पर चर्चा की गई। सुरेश दत्त त्रिपाठी ने कहा कि समावेशी कार्यस्थल वह होता है, जहां पर सभी को समान अवसर मिलते हैं। कर्मचारी का सम्मान किया जाता है। जहां इस तरह का माहौल होता है वहां पर रचनात्मकता बढ़ती है। उत्पादन क्षमता और स्किल में बढ़ोतरी होती है। इससे कंपनी की ग्रोथ होती है। प्रो. अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि एचआर कॉन्क्लेव में 15 से अधिक कॉलेजों के सौ छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पाइट के निदेशक प्रो. (डॉ.) शक्ति कुमार ने समावेशिता और विविधता के महत्व पर अपने विचार साझा किए। मंच संचालन एवं अध्यक्षता प्रो. अखिलेश कुमार मिश्रा ने किया। चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल एवं बोर्ड सदस्य शुभम तायल ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर डीन डॉ. जेएस सैनी, डीन डॉ. बीबी शर्मा मंजू बाला, डॉ. नविता और डॉ. प्रीति गुगनानी भी मौजूद रहीं।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

HARIBHOOMI 04/03/2025

समावेशी कार्य स्थल से बढ़ती है रचनात्मकता : त्रिपाठी

- पाइट में एचआर कॉन्क्लेव, एयर इंडिया के चीफ एडवाइजर ने समावेशी कार्यस्थल का महत्व बताया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| समालखा



पानीपत। पाइट के अध्यक्ष हरिओम तायल, अथितियों का स्वागत करते हुए।

पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पाइट) के मैनेजमेंट स्टडीज विभाग ने एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन किया। इस वर्ष के सम्मेलन की थीम समावेशी भविष्य का निर्माण रही। पैनल चर्चा में एयर इंडिया से चीफ एडवाइजर सुरेश दत्त त्रिपाठी, एसआरएफ लिमिटेड से पंकज कौशिक, स्टेटक्राफ्ट से सीएचआरओ स्निग्धा नौटियाल एव प्रो. सुरेश बेदी शामिल रहे। चर्चा का संचालन एवं अध्यक्षता प्रो. अखिलेश कुमार मिश्रा ने किया। विविधता, समानता और समावेशन के महत्व, नेतृत्व संबंधी चुनौतियों और मानव संसाधन कार्यों में तकनीकी प्रगति के प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की गई। सुरेश दत्त त्रिपाठी ने कहा कि समावेशी कार्यस्थल वह होता है, जहां पर सभी को समान अवसर मिलते हैं। कर्मचारी का सम्मान किया जाता है। जहां इस तरह का माहौल होता है वहां पर रचनात्मकता बढ़ती है। उत्पादन क्षमता और स्किल में वृद्धि होती है। इससे कंपनी की ग्रोथ होती है। नेतृत्व में बराबरी के अवसर और पारदर्शी व्यवस्था से सभी प्रसन्न रहते हैं। प्रो. अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि एचआर कॉन्क्लेव के साथ ही स्टूडेंट लेड मीट का भी आयोजन हुआ। 15 से अधिक कॉलेजों के सौ से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। पाइट के निदेशक प्रो.डॉ. शक्ति कुमार ने समावेशिता और विविधता के महत्व पर अपने विचार साझा किए। छात्र समन्वयक अंशिका और रघु राज को उनकी उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता और योजनाबद्ध आयोजन के लिए विशेष रूप से सराहा गया। चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल एवं बोर्ड सदस्य शुभम तायल ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर डीन डॉ.जेएस सैनी, डीन डॉ.बीबी शर्मा, मंजू बाला, डॉ. नविता और डॉ. प्रीति भी मौजूद रहीं।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

OTHER 04/03/2025

एचआर कॉन्क्लेव में पहुंचे 15 कॉलेजों के विद्यार्थी



समालखा | पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पाइट) के मैनेजमेंट स्टडीज विभाग ने एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन किया। पैनल चर्चा में एयर इंडिया से चीफ एडवाइजर सुरेश दत्त त्रिपाठी, एआरएफ लिमिटेड से पंकज कौशिक, स्टेटक्राफ्ट से सीएचआरओ स्निग्धा नौटियाल एवं प्रो. सुरेश बेदी शामिल रहे। चर्चा का संचालन एवं अध्यक्षता प्रो. अखिलेश कुमार मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में 15 से अधिक कॉलेजों के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर हरिओम तायल, सुरेश तायल, राकेश तायल, डॉ. जेएस सैनी, डॉ. बीबी शर्मा, मंजू बाला, डॉ. नविता, डॉ. प्रीति गुगनानी, निदेशक प्रो. डॉ. शक्ति कुमार, अंशिका और रघु राज मौजूद रहे।

Panipat Institute of Engineering &Technology
NEWS CLIPPING

PUNJAB KESARI 01/03/2025

पर्यावरण अनुकूल रासायनिक प्रक्रियाओं और सतत विकास में विज्ञान की भूमिका महत्वपूर्ण : प्रो. अमलेंदु



कॉलेज प्रशासन छात्रों को सम्मानित करते हुए। *(राकेश)*

समालखा , 28 फरवरी (राकेश) : पानीपत इंस्टीच्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पाइट) के एप्लाइड साइंसेज एंड ह्यूमैनिटीज विभाग ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया। सर सी.वी. रमन और अन्य महान भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में जे.सी. बोस यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टैक्नॉलोजी वाई.एम.सी.ए. फरीदाबाद से प्रो. डॉ.अमलेंदु पाल मुख्यातिथि रहे।

उन्होंने ग्रीन कैमिस्ट्री के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण अनुकूल रासायनिक प्रक्रियाओं और सतत विकास में विज्ञान की भूमिका महत्वपूर्ण है। पाइट के निदेशक डॉ. शक्ति कुमार ने वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जितने अधिक रिसर्च किए जाएंगे, हम उतने अधिक विकसित हो जाएंगे। रिसर्च एवं पेटैंट को हमें अपनी कार्य प्रकृति में लाना होगा।

